संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......
30 जनवरी 2025, गुरुवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 121
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

जनजातीय कार्य मंत्रालय ने जीता गणतंत्र दिवस परेड में सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार



# महाकुंभ में भगदड़, 30 की मौत, 90 श्रद्धालु घायल

## भगदड़ हादसे की जांच करेगा न्यायिक आयोग, मृतक आश्रितों को मिलेगा 25-25 लाख का मुआवजा : योगी



एजेंसी

**महाकुम्भ नगर ।** मौनी अमावस्या स्नान के अवसर पर संगम नोज पर हुए हादसे की जांच के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व न्यायाधीश हर्ष कुमार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया है। पुलिस भी हादसे की जांच करेगी। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक गुरुवार को घटना स्थल का दौरा करेंगे। प्रदेश सरकार मृतकों के आश्रितों को 25-25 लाख रुपये की आर्थिक मदद देगी।

गौरतलब है कि मंगलवार की रात को संगम नोज पर हुई भगदड़ में 90 श्रद्धालु घायल हो गए, जिसमें से 30 की मौत हो गई।

महाकुंभ भगदड़ में 30 लोगों की मौत पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, ÷घटना अत्यंत दुखद है, मृतकों के प्रति मेरी विनम्र श्रद्धांजलि है। जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। इस घटना की पूरी जांच करवा करके हम इसकी तह में जाएंगे। इसके अलावा पुलिस के स्तर पर भी हम लोग इसकी अलग से जांच करवाएंगे कि ये घटना किन कारणों की वजह से हुई है। मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। न्यायिक आयोग इस पूरे मामले को देखकर एक समय सीमा के अंदर राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट देगा।÷ इस घटना की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री भावुक हो गए।

इस हादसे की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग की अध्यक्षता पूर्व न्यायाधीश हर्ष कुमार को बनाया गया है। पूर्व डीजीपी वी.के. गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस बी.के. सिंह आयोग के सदस्य हैं। न्यायिक आयोग इस पूरे मामले को देखकर एक समय सीमा के अंदर राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट देगा।

बुधवार को मेला अधिकारी विजय किरन आनन्द एवं डीआईजी मेला वैभव कृष्ण ने संयुक्त प्रेस वार्ता की। डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि भारी भीड़ के दबाव में बैरिकेड्स टूटने से यह हादसा हुआ। जमीन में लेटे हुए श्रद्धालु दौड़ते श्रद्धालुओं के कदमों तले कुचले गए। उन्होंने बताया कि हादसे में 90 श्रद्धालु घायल हुए, जिसमें से 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई। 25 मृतकों की पहचान हो चुकी है। शेष पांच की पहचान के प्रयास जारी हैं। 24 घायलों को घर भेज दिया गया है। 36 घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है।

### महाकुंभ भगदड़ में पलामू की महिला की भी मौत, बहन गंभीर

**पलामू ।** उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में 144 साल के बाद लगे महाकुंभ मेले में मची भगदड़ में पलामू की एक महिला भी शामिल है। महिला रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव की रहने वाली है, जिसकी पहचान गायत्री देवी (60) अमरेश पांडेय की पत्नी के रूप में हुई है। महिला की बहन गंभीर हो गई। गायत्री देवी का एक बेटा सीआरपीएफ में है। वह प्रयागराज क्षेत्र में ही ड्यूटी पर तैनात है। महिला के शव को पलामू लाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, अमरेश पांडेय अपनी पत्नी गायत्री देवी और अपने रिश्तेदारों के साथ सोमवार को महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज गये थे। सभी लोग मंगलवार दोपहर में कुंभ मेला क्षेत्र पहुंच गये थे। मौनी अमावस्या पर प्रातः स्नान के लिए मंगलवार की रात को त्रिवेणी संगम तट के किनारे बालू पर ही सो गये थे। इसी बीच, मंगलवार की देर रात डेढ बजे अचानक भगदड़ मच गयी। भगदड़ में गायत्री देवी भीड़ के नीचे दब गयीं और उनकी मौत हो गयी।

### भगदड़ की घटना पर पीएम ने जताया शोक, पीड़ितों के प्रति संवेदना भी जताई



**नई दिल्ली ।** प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में मैंने मुख्यमंत्री योगी जी से बातचीत की है और मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं।

### भगदड़ की खबर सुनकर मन व्यथित है : हेमंत



**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि महाकुंभ में हुई दुखद भगदड़ की खबर सुनकर मन व्यथित है, जिसमें कम से कम 15 निर्दोष लोगों की जान चली गई है। सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को कहा है कि मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोकसंतप्त तीर्थयात्री परिवारों के साथ हैं। इस दुखद घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पूर्ण आशा है कि भारत सरकार इस घटना की पूरी तरह से जांच करेगी और ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।

### प्रयागराज में भगदड़ के बाद महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें रद्द, मार्ग भी बदले

**प्रयागराज ।** महाकुंभ में मची भगदड़ के बाद प्रशासन काफी ऐक्टिव है। स्थिति को काफी हद तक नियंत्रण कर लिया गया है। महाकुंभ में पहुंचने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने बड़ा फैसला किया है। महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों को फिलहाल रद्द कर दिया गया है। आज जिन ट्रेनों को प्रयागराज आना था उन्हें पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन पर रोक दिया गया है। इन स्पेशल ट्रेनों को अगले आदेश तक रोक दिया गया है। कुछ ट्रेनों के रूटों को डायवर्ट कर दिया गया है। बता दें कि महाकुंभ मेले में बुधवार तड़के मौनी अमावस्या के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं के उमड़ने के बाद भगदड़ जैसी स्थिति बनने से कई लोगों के घायल होने की सूचना है। इस घटना के बाद पहले तो सभी अखाड़ों ने अमृत स्नान नहीं करने का निर्णय किया, लेकिन बाद में स्थिति जैसे ही नियंत्रण में आई कि अखाड़ों ने स्नान करने का फैसला किया है।

## हॉकी खिलाड़ी सलीमा और निक्की को मिली जमीन, घर बनाने के लिए भी सरकार देगी 35-35 लाख रुपए

●सलीमा टेटे और निक्की प्रधान ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

संवाददाता

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को झारखंड की दो महिला हॉकी खिलाड़ियों, सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को रांची के हरमू स्थित आवासीय कॉलोनी में 3750 वर्ग फीट भूखंड आवंटन का कागजात सौंपा। यह सम्मान इन खिलाड़ियों की हॉकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन और राज्य एवं देश का नाम रोशन करने के लिए दिया गया है। मुख्यमंत्री के इस कदम से सलीमा और निक्की का रांची में अपना घर होने का सपना पूरा हुआ है। उन्हें हरमू आवासीय कॉलोनी के प्लॉट नंबर 10 बी और 10 ए में 3750 वर्ग फीट भूखंड आवंटित किया गया है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज उत्साह का दिन है। राज्य की दो होनहार हॉकी खिलाड़ी बेटियों का सम्मानित किया जा रहा है। हमारी बेटियों ने अपने हुनर और काबिलियत से सिर्फ राज्य का ही नही बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कई दशकों से झारखंड की बेटियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश और दुनिया में अलग पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने प्रदर्शन की बदौलत कई बार हमारी बेटियों ने लोगों को आश्चर्यचकित किया है कि झारखंड जैसे पिछड़े और आदिवासी बहुत क्षेत्र जहां सीमित संसाधनों में तैयारी कर इतनी बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने भूखंड देने के साथ-साथ यह भी घोषणा किया कि इन दोनों खिलाड़ियों को अपना आशियाना बनाने के लिए राज्य सरकार खेल नीति के तहत 35-35 लाख रुपए उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ भले हमारी ये स्टार बेटियां आर्थिक रूप से मजबूत हुई हों, परंतु संघर्ष के दिनों में जब मैं इनके गांव-घर पहुंचा था तब इनकी आर्थिक स्थिति को देखा था, उसी समय किया गया वादा आज मैं पूरा कर रहा हूं।



## आचार संहिता उल्लंघन मामले में महुआ माजी व सीपी सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

संवाददाता



**रांची ।** राज्यसभा सांसद महुआ माजी एवं विधायक सीपी सिंह के खिलाफ दर्ज चुनाव आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े मामले में जांच अधिकारी ने जांच पूरी करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन की अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है।दाखिल चार्जशीट पर अदालत ने उपस्थिति की तारीख निर्धारित कर दी है। अदालत ने इसके लिए 15 फरवरी की तारीख निर्धारित की है।यह प्राथमिकी संजीव कुमार गुप्ता की शिकायत पर रांची अंचल के तत्कालीन सीओ मुंशी राम (वर्तमान में जेल में बंद) ने हिंदपीढ़ी थाने में 7 नवंबर 2024 को कांड संख्या 122/24 एवं 123/24 के तहत दर्ज कराई है। सरकारी बिजली के खंभे एवं मारवाड़ी कॉलेज होते हुए तीसरी गली, बुधिया खंभों के बीचों बीच झामुमो एवं भाजपा प्रत्याशी का पोस्टर बैनर पाया गया था।

## सीएनटी एक्ट का उल्लंघन करने के आरोप में पदाधिकारी मतियस विजय टोप्पो बर्खास्त

झारखंड राज्य उच्चतर शिक्षा पुरस्कार योजना को मंजूरी

कैबिनेट का फैसला

संवाददाता

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में छह प्रस्ताव पारित किए गए। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और तत्कालीन विशेष विनियमन पदाधिकारी रांची मतियस विजय टोप्पो को सेवा से बर्खास्त करने की मंजूरी दी गई है। उनके खिलाफ आरोप है कि उन्होंने छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट की धारा 71 ए का उल्लंघन करते हुए 1969 के पहले की भूमि को बिना जांचे नियमित किया। 30 वर्ष के टाइम बांड के नियम का भी उन्होंने उल्लंघन किया। टोप्पो अभी निदेशक डीआरडीए हजारीबाग के पद पर कार्यरत हैं।

इसी प्रकार निर्माण कार्य श्रेणी की गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी ) दर में वृद्धि (12.00 प्रतिशत के स्थान पर 18.00 प्रतिशत) के परिप्रेक्ष्य में नगर विकास एवं आवास विभाग के तहत कार्य संविदाओं में भुगतान-अंतर राशि देयता के लिए प्रक्रिया निर्धारण की स्वीकृति दी गई।

उन्होंने बताया कि राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों एवं संस्थानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से झारखंड राज्य उच्चतर शिक्षा पुरस्कार योजना लागू की जाएगी।

## देवघर : सनकी भाई ने की बहन की पत्थर से कुचकर हत्या

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** जिले के बुढ़ई थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में एक सनकी भाई ने अपनी 16 वर्षीय बहन की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। इसके अलावा, मां मशीदन बीवी (62) को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बारे में जानकारी मिली है कि मां और बेटे के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा था, जिसमें बहन ने बीच-बचाव की कोशिश की। गुस्से में आकर बड़े भाई कुतबुल अंसारी ने बहन को पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी।

आमना शहजाद अंसारी की छोटी पुत्री थी, जो धमनी पंचायत के नवाडीह गांव की निवासी थी। घटना के बाद पुलिस को सूचित किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेन्द्र प्रसाद और बुढ़ई थाना प्रभारी अशोक कुमार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल देवघर भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी कुतबुल अंसारी पहले भी अपनी भाभी से झगड़ा कर उसे घायल कर चुका था, जिसका मामला अदालत में चल रहा है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जांच तेज कर दी है।



## जेपीसी ने वक्फ पर विधेयक के संशोधित प्रारूप को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने बुधवार को इससे जुड़ी रिपोर्ट और मसौदा विधेयक के संशोधित प्रारूप को बहुमत के वोट के आधार पर मंजूरी प्रदान कर दी। समिति ने 15 बनाम 11 मतों से इसे स्वीकार किया है। समिति की ओर से विधेयक में 14 खंडों में संशोधनों को अपनाया गया है। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने आज जेपीसी की बैठक के बाद पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कल लोकसभा अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। दूसरी ओर संशोधित विधेयक अपनाए जाने की विपक्षी सदस्यों ने कड़ी आलोचना की है। विपक्ष का कहना है कि यह पूरी तरह से असंवैधानिक है।

## सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, दो नक्सली ढेर

संवाददाता


**पश्चिमी सिंहभूम ।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर हुए हैं। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सोनुवा थाना के विलायती टोला के समीप जंगली, पहाड़ी क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नक्सलियों की ओर से सुरक्षाबलों को देखकर गोलाबारी प्रारंभ कर दी गई। आत्मरक्षार्थ सुरक्षाबलों के जरिये भी जवाबी कार्रवाई की गई। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली दस्ता के सदस्य पहाड़ एवं घने जंगल का लाभ लेते हुए भाग खड़े हुए। मुठभेड़ के बाद आस-पास के क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान एक पुरुष और एक महिला नक्सली का शव बरामद किया गया। इसके साथ ही, हथियार बरामद किया गया। मृत नक्सलियों की पहचान प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के जेडसीए विनय गंझू उर्फ संजय गंझू उर्फ बारिया उर्फ भुखन उर्फ संजय और एसीएम हेमन्ती मंझियाईन के रूप में की गयी। सर्च अभियान के दौरान दो इंसास रायफल, 313 जिंदा गोली, नौ इंसास का मैगजीन, पांच पीस मेट्रेला सेट, 28 डेटोनेटर, दो मैगजीन पाउच, चार पीस काला वर्दी पेन्ट सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।



## इसरोवाक् सेंचुरी पुरा़वेना: 100धावाक् मिशन यानी जीएसएलवी रॉकेट मो़ंज गेको लॉन्च केदा

**श्रीहरिकोटा (खोबोरिया)।** अंतरिक्ष केंद्र खो़न भारो़तीया़ अंतरिक्ष आर अनुसंधान संगठन, इसरो दो़ तेहेञ मित् आर इतिहासे ओ़ल केदा। आयाक्100धावाक् मिशन यानी जीएसएलवी रॉकेट दो़ सफलतापूर्वक मो़ंज तेकोलॉन्च आकादा। नोआ दो़ मित् नेविगेशन उपग्रह काना। नोआ इसरो रेनअध्यक्ष वी नारायणनाक् आ़युर रे पा़हिल मिशन ताहेंकाना। उनी दो़ 13 जनवरी हिलोक् पदभार हामाले सामबड़ाव लेदा। इसरो दो़ आयाक् बयानरेय मेन केदा-- 'जीएसएलवी-एफ15/एनवीएस-02 मिशन सफलतापूर्वक मो़ंजते पुरा़उ आकाना। अंतरिक्ष नेविगेशन रे भारत दो़ नावाँ उसूलकोयतिया़क् केदा।

रांची विश्वविद्यालय
(NAAC Accredited B++)
www.ranchiuniversity.ac.in



शुभकामना संदेश

गणतंत्र दिवस पर, आइए हमारे देश की एकता और विविधता का जश्न मनाएं। आइए, हमारे संविधान में निहित मूल्यों को बनाए रखने की प्रतिज्ञा करें और एक मजबूत, अधिक समृद्ध भारत के निर्माण के लिए मिलकर काम करें।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !



डॉ. अजीत कुमार सिन्हा
कुलपति
रांची विश्वविद्यालय, रांची

Memo. No.-RU/DSW/592/2025 Dated : 27.01.2025

## कृषि घोटाले में आरोपी वी जयराम पर आरोप गठन के बिंदु पर दस फरवरी को होगी सुनवाई

**रांची ।** पंद्रह साल पुराने 46.10 करोड़ रुपए के कृषि घोटाले में आरोपी तत्कालीन कृषि निदेशक वी जयराम पर आरोप गठन की बिंदु पर सुनवाई अब 10 फरवरी को होगी। एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में मामले आरोप गठन पर सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 10 फरवरी निर्धारित की है। इसी मामले में पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, नलिन सोरेन भी आरोपी हैं। बता दें कि घोटाले को लेकर साल 2009 में निगरानी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## भारी मात्रा में 43 लाख का नकली शराब बरामद, एक गिरफ्तार



**हजारीबाग ।** जिला के कटकमदाग थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात भारी मात्रा में शराब बरामद की है। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन मामले की जानकारी दी। पंकज कुमार ने बताया कि हुरूदाग गांव में एक व्यक्ति के जरिये नकली शराब बनाने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस के जरिये टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाकर पुलिस भारी मात्रा में शराब बरामद की है। इसी दौरान एक व्यक्ति को भी पुलिस पकड़ने में सफलता पाई। और दो फरार हो गया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम क्रिस्टोपाल हंस (22) बताया गया है। इसके पास से एक मोटरसाइकिल, मोबाईल भी बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि शराब करीब 43 लाख रुपये का बरामद हुआ है। इसके अलावा कांच का खाली बोतल जिसमे नकली शराब भरकर बेचने का काम करते थे वह भी बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपित को बुधवार को जेल भेज दिया गया है।

## स्कूल फीस जमा नहीं करने पर एचईसी कर्मचारियों के बच्चों को स्कूल से नोटिस

**रांची ।** स्कूल फीस जमा नहीं करने पर एचईसी कर्मचारियों को उनके बच्चे के स्कूल से नोटिस भेजा जा रहा है। स्कूल ने बच्चों के अभिभावकों से बकाया फीस जमा करने को कहा है। फीस जमा नहीं करने पर फरवरी में होने वाली परीक्षा में नहीं बैठने देने की बात नोटिस में कही गई है। इस नोटिस के बाद एचईसी कर्मचारियों में रोष है। कर्मचारियों का कहना है कि प्रबंधन ने फीस जमा नहीं करने पर बच्चों और उनके अभिभावकों के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने का भरोसा दिया था, लेकिन प्रबंधन ने न तो वेतन दिया और न ही बच्चों की फीस जमा करने में ही किसी प्रकार की राहत दिलायी।एचईसी कर्मचारियों का 27 माह का वेतन बकाया है। उन्हें प्रबंधन से किसी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं दी जा रही है। एचईसी कॉलोनी के स्कूलों को लीज पर एचईसी ने जमीन दी है। हटिया कामगार यूनियन ने प्रबंधन पर वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया है।यूनियन के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने कहा है कि पिछले दिनों एचईसी प्रबंधन के साथ हुई बैठक में बच्चों के फीस बकाया का मामला उठाया गया था। बैठक में प्रबंधन ने कहा था कि कर्मचारी स्कूल फीस जमा नहीं करें, प्रबंधन उनकी फीस की व्यवस्था करेगी। लेकिन, अभी तक प्रबंधन ने एक बच्चे की भी फीस जमा नहीं किया है। प्रबंधन के इस रवैये से बच्चों के भविष्य पर संकट छा गया है। उन्होंने प्रबंधन से इस समस्या का हल निकालने की मांग की है।

## बॉलीवुड के प्लेबैक सिंगर शब्बीर कुमार का कार्यक्रम गुरुवार को



**पूर्वी सिंहभूम ।** चाकुलिया के डाक बंगला परिसर में नेताजी सुभाष वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित नौ दिवसीय नेताजी सुभाष मेला सह गूंज महोत्सव के आठवें दिन गुरुवार को बॉलीवुड के प्लेबैक सिंगर शब्बीर कुमार उपस्थित होंगे। यह जानकारी विधायक समीर कुमार मोहंती के निजी सचिव सह आयोजन कमेटी के अध्यक्ष गौतम दास ने दी है। शब्बीर कुमार के कार्यक्रम में काफी भीड़ जुटने की संभावना है।

## जिले में सरकारी स्कूलों के 50 प्रतिशत बच्चे नहीं जानते हैं घटाव

**पूर्वी सिंहभूम ।** पूर्वी सिंहभूम जिले में सरकारी स्कूलों में छठी से आठवीं कक्षा के बीच पढ़ने वाले 57.2त्न बच्चे गणित में कच्चे हैं। ये बच्चे भाग करना भी नहीं जानते हैं। सिर्फ 42.8त्न विद्यार्थी ही ठीक से गणित में भाग कर पाते हैं। इसी तरह कक्षा 6 से 8 तक के 36.4त्न बच्चे कक्षा 2 के स्तर की पाठ्य पुस्तकों को नहीं पढ़ पाते हैं।इस आयु वर्ग के 63.6त्न बच्चे पाठ्य पुस्तक पढ़ने में सक्षम हैं। यह दावा असर सर्वे की ताजा रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि पूर्वी सिंहभूम के 6 वर्ष से 14 वर्ष की आयु वर्ग के 84त्न बच्चे सरकारी स्कूलों में नामांकित किए गए हैं। जबकि जिले में कुल 1.8 प्रतिशत बच्चे स्कूल से बाहर हैं। इनका नामांकन स्कूलों में नहीं हो पाया है। बाकी बच्चे शहरी इलाकों के निजी स्कूलों में नामांकित हैं। रिपोर्ट में जिले की कक्षा 3 से 5 में पढ़ने वाले सरकारी स्कूलों के बच्चों का सर्वे करने पर पाया गया कि इस आयु वर्ग के 36.8त्न बच्चे ही कक्षा 2 के स्तर की पाठ्य पुस्तकों को पढ़ पाते हैं, बाकी के 63.2त्न बच्चे कक्षा 2 के स्तर के पाठ्य पुस्तक के पढ़ने में सक्षम नहीं हैं। इसी तरह कक्षा 3 से 5 तक के 50त्न बच्चे जोड़-घटाव करना नहीं जानते हैं।जिले में सिर्फ 50त्न बच्चे ही गणित में घटाव करना जानते हैं। पूरे कोल्हान प्रमंडल की रिपोर्ट की बात करें तो प्रमंडल में वर्ष 2024 में 84.02त्न विद्यार्थी स्कूलों में नामांकित किए गए हैं। यह आंकड़ा 2018 में 83.9त्न था, जबकि 2022 में 89.7 प्रतिशत था। पूरे कोल्हान प्रमंडल में 6 वर्ष से 14 वर्ष के आयु वर्ग के 2.8त्न बच्चों को स्कूलों में नामांकित नहीं किया जा सका है। वर्ष 2018 में 4.6त्न बच्चे स्कूलों से बाहर रह गए थे, जबकि 2022 में 1.8त्न बच्चे स्कूलों से बाहर थे। प्रमंडल में कक्षा 3 से 5 तक के 29.6त्न ऐसे बच्चे हैं, जो कक्षा 2 की पाठ्य पुस्तक को ठीक से पढ़ पाते हैं, जबकि 70.4त्न बच्चे इसे ठीक से पढ़ने में सक्षम नहीं हैं। कोल्हान में 40त्न बच्चे घटाव नहीं कर पाते हैं, जबकि 60त्न बच्चे घटाव कर पाते हैं। इसी तरह कक्षा 6 से 8 तक के 31.8त्न बच्चे भाग देना जानते हैं, लेकिन 68.2त्न बच्चे ठीक से भाग देना नहीं जानते हैं।

## ब्राउन शुगर के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**रांची ।** रांची के सुखदेवनगर थाना पुलिस ने तीन लाख रुपये के ब्राउन शुगर के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में शैलेश कुमार उर्फ गांधी, अर्जुन शर्मा, रजनीश कुमार सिंह और रितेश कुमार उर्फ मिन्नी शामिल है। चारों सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनके पास से 17.48 ग्राम ब्राउन शुगर, तीन मोबाइल फोन, एक स्कूटी और एक बाइक बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना के आनंदपुरी मछली चौक, हनुमान मंदिर के निकट और मछली दुकान के पास अवैध नशीले पदार्थों का खरीद बिक्री हो रही है। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 17.8 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ है जिसकी कीमत करीब तीन लाख रुपया आंकी गई है। एसपी ने बताया कि पकड़े गए युवकों ने बताया कि ब्राउन शुगर को सासाराम के रहने वाली भाभी जी उर्फ रुबी देवी के पास से लेकर रांची में विद्यानगर सुखदेवनगर, करमटोली, हरमू मैदान (अरगोड़ा), जगरनाथपुर, हिनु और रेलवे स्टेशन के अलावा अन्य क्षेत्रों में बिक्री करते हैं। गिरफ्तार आरोपितों में शैलेश उर्फ गांधी के खिलाफ पूर्व से रांची के अलग-अलग थाने में सात मामले दर्ज हैं जबकि अर्जुन शर्मा के खिलाफ तीन मामले दर्ज हैं।

# झारखंड बनेगा मेडिको एग्रीकल्चर हब

**संवाददाता**




**रांची।** झारखंड को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देने के उद्देश्य से 24 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली ÷झारखंड उद्यम शक्ति परियोजना÷ का खाका तैयार हो चुका है। इस परियोजना के तहत राज्य को मेडिको एग्रीकल्चर हब बनाने की तैयारी है। सोमवार को फिनलैंड की कंपनी सॉफ्टा के सीईओ सुनील कुमार सिंह और उनकी टीम ने झारखंड के वित्त मंत्री से मुलाकात की और परियोजना पर विस्तार से चर्चा की। यह जानकारी सॉफ्टा कंपनी के सीईओ सुनील कुमार सिंह ने बुधवार को रांची स्थित स्थानीय होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि यह परियोजना झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में दो लाख से अधिक रोजगार उत्पन्न करेगी। परियोजना के तहत 500 उत्पादन केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां पूरी तरह से कार्बन-फ्री खेती और एआई तकनीक का उपयोग होगा। इस परियोजना के माध्यम से ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को न केवल रोजगार मिलेगा बल्कि उन्हें प्रशिक्षित कर सशक्त भी किया जाएगा। इस परियोजना के लागू होने से झारखंड में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पलायन को नियंत्रित किया जा सकेगा। सिंह ने बताया कि वित्त मंत्री ने परियोजना को झारखंड के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार परियोजना के क्रियान्वयन में हरसंभव मदद प्रदान करेगी। मंत्री ने सीईओ सुनील कुमार सिंह को यह भी आश्वस्त किया कि सरकार उनकी आवश्यकताओं और सुझावों पर सकारात्मक कदम उठाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि बजट सत्र के बाद कंपनी के साथ एक और बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें विस्तृत कार्य योजना, निवेश मॉडल और विस्तार से रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी। वित्त मंत्री ने इस परियोजना को राज्य के किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए एक बड़ा अवसर बताया और इसे झारखंड की आर्थिक और सामाजिक समृद्धि के लिए मील का पत्थर करार दिया। सिंह ने बताया कि यह परियोजना झारखंड को देश के अग्रणी कृषि राज्यों की पंक्ति में लाने के लिए डिजाइन की गई है। झारखंड उद्यम शक्ति परियोजना का उद्देश्य न केवल स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी झारखंड को एक नई पहचान दिलाना है। इसके तहत उत्पादों को सीधे यूरोपीय बाजारों में निर्यात किया जाएगा। उच्च गुणवत्ता और पर्यावरणीय दृष्टि से अनुकूल इन उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में बड़ी मांग होगी।

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर नारी शक्ति, न्याय और जनकल्याण की प्रतीक : राज्यपाल

**संवाददाता**



**रांची ।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर नारी शक्ति, न्याय और जनकल्याण की अप्रतिम प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वे केवल एक कुशल प्रशासिका ही नहीं, बल्कि सेवा, त्याग और परोपकार की प्रतिमूर्ति थीं। राज्यपाल बुधवार को राष्ट्र सेविका समिति और रांची विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आर्यभट्ट सभागार में आयोजित 'लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह' के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा, कला, संस्कृति और धर्म के संरक्षण के लिए उन्होंने अनुकरणीय कार्य किए। उनकी शासन-व्यवस्था पूर्णतः प्रजा के हितों पर केंद्रित थी, जिससे समाज को नई दिशा प्रदान की। राज्यपाल ने काशी विश्वनाथ मंदिर एवं अन्य धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब हम 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' की ओर अग्रसर हैं, तब अहिल्याबाई जैसी महान विभूतियों के योगदान से हमें नई प्रेरणा मिलती है। राज्यपाल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन न केवल प्रशासनिक दक्षता, बल्कि परोपकार और नारी सशक्तिकरण का भी सर्वोत्तम उदाहरण है। उन्होंने इस समारोह के आयोजन के लिए राष्ट्र सेविका समिति एवं रांची विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए विश्वास प्रकट किया कि यह प्रयास लोकमाता अहिल्याबाई की प्रेरणादायी गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## साईं नाथ विश्वविद्यालय की छात्रा रिशिका सुमन का न्यायिक सेवा में चयन



**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय, राँची के विधि विभाग की छात्रा- सुश्री रिशिका सुमन, एलएल0बी0, सत्र- 2018-21, वर्तमान में एलएल0एम0 कोर्स, सत्र- 2023-25 में अध्ययनरत् है, ने 32वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन और कठोर परिश्रम के बल पर सफलता प्राप्त की है। यह विश्वविद्यालय और विधि विभाग के लिए गर्व का क्षण है। विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो0 एसपी अग्रवाल ने अत्यन्त हर्ष व्यक्त करते हुए सुश्री रिशिका सुमन को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। के सर्वांगीण विकास के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो0 (डॉ0) एस0 पी0 अग्रवाल प्रतिबद्ध है।

छात्रा सुश्री रिशिका सुमन ने अपनी सफलता के पीछे विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो0 (डॉ0) एस0 पी0 अग्रवाल का सहयोग बताया, जो कि विद्यार्थियों के हर समस्या के समाधान के लिए सहज ही उपलब्ध रहते है। साथ ही विधि विभाग के डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## सॉफ्ट स्किल पर कार्यशाला का शुभारंभ



**रांची ।** महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी (सरला बिरला विश्वविद्यालय) के तत्वावधान में विवि प्रेक्षागृह में सॉफ्ट स्किल पर दो दिवसीय कार्यशाला का आज शुभारंभ किया गया। एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो. सी. जगनाथन, कुलसचिव प्रो. विजय कुमार सिंह, प्राचार्या डॉ. सुबानी बाड़ा, संस्थान के प्रशासक आशुतोष द्विवेदी तथा उप प्राचार्या मीनल श्वेता ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का उदघाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रो. गोपाल पाठक ने पुरातन काल के साथ ही नए युग में भी सॉफ्ट स्किल की उपयोगिता की चर्चा की। उन्होंने पर्सनैलिटी डेवलपमेंट में सॉफ्ट स्किल की अपरिहार्यता पर प्रकाश डाला। सेवा कार्य में भी इसकी उपयोगिता पर उन्होंने बात की। प्रो. सी. जगनाथन ने अपने विदेश दौरे के दौरान इसकी उपयोगिता के संस्मरण उपस्थित श्रोताओं के साथ साझा किया। अलग-अलग संस्कृति के लोगों को एक दूसरे का सम्मान करने की भी उन्होंने सलाह दी। व्यक्तित्व विकास के लिए सॉफ्ट स्किल को उन्होंने आधार करार दिया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. विजय कुमार सिंह ने नई तकनीक और वैश्विक संपर्क के लिए सॉफ्ट स्किल की आवश्यकता पर बल दिया। प्राचार्या डॉ. सुभानी बाड़ा ने दैनिक जीवन में इसकी जरूरत बतायी। आपसी संपर्क के क्षेत्र में भी उन्होंने उसकी जरूरत को रेखांकित किया। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में प्रो. राजन तिवारी, प्रो. मानोशी रॉय, डॉ. संजीव श्रीवास्तव और सुश्री नम्रता सिंह ने विभिन्न विषयों पर अपना वक्तव्य रखा। इस अवसर पर श्रीमती जे. तनुश्री सेनगुप्ता ने इमोशनल इंटेलीजेंस पर प्रतिभागियों के समक्ष अपना विचार प्रस्तुत किया।

## पुलिस ने 81 लाख रुपये की धोखाधड़ी मामले में टेकेदार को किया गिरफ्तार

**कोडरमा ।** कोडरमा में 81 लाख रुपये की धोखाधड़ी मामले में ठेकेदार संजीव कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को कोडरमा जेल भेज दिया। दूधीमाटी निवासी और आरोपित के मामा राजकुमार यादव ने इस सम्बंध में कोडरमा थाना में मामला दर्ज कराया था। इसमें कहा गया था कि एक लाख के चेक को 81 लाख का बनाकर रुपये की निकासी कर ली गयी। कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया संजीव यादव पर एक साल पूर्व उक्त कांड के तहत मामला दर्ज किया गया था तब से वह फरार चल रहा था जिसे गिरफ्तार कर कोडरमा जेल भेज दिया गया। उसपर एसपी के फर्जी हस्ताक्षर कर अपना आचरण प्रमाण पत्र बनाने का भी आरोप है। कोडरमा के ठीकेदार और भाजपा से जुड़े संजीव कुमार ने फर्जी हस्ताक्षर का प्रयोग अपना आचरण प्रमाण पत्र बनाने और उसका उपयोग लघु सिंचाई विभाग में निविदा में किया था। इसकी शिकायत मिलने के बाद कोडरमा एसपी कार्यालय के जरिये भी कोडरमा थाना में एक मामला दर्ज कराया गया था।

## ध्यान फाउंडेशन की गौशाला में 15 को आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**पूर्वी सिंहभूम ।** चाकुलिया नगर पंचायत क्षेत्र से सटे हवाई पट्टी के पास संचालित ध्यान फाउंडेशन की गौशाला का आगामी 15 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दौरा करेंगी। इस संभावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, राष्ट्रपति गौशाला का अवलोकन कर नवनिर्मित पशु चिकित्सालय धनवंतरी का उद्घाटन करेंगी। ध्यान फाउंडेशन संस्था की मानें तो राष्ट्रपति का कार्यक्रम लगभग तय है। राष्ट्रपति भवन से भी इस संबंध में बात हो गयी है। राष्ट्रपति के संभावित दौरे को लेकर गौशाला परिसर को तैयार किया जा रहा है। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति नई दिल्ली से अपने विशेष विमान से रांची हवाई अड्डा पहुंचेंगी। वहां से हेलीकॉप्टर से चाकुलिया एरोड्रम आएंगी। यहां वे संस्था द्वारा गौ सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का अवलोकन करने के साथ ही चिकित्सालय का उद्घाटन करेंगी। जानकारी हो कि द्रौपदी मुर्मू पहले भी झारखंड के राज्यपाल के रूप में चाकुलिया स्थित कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी की गौशाला तथा ध्यान फाउंडेशन की गौशाला का भ्रमण कर चुकी हैं।

## ट्रांसपोर्टर की हत्या का खुलासा, हथियार के साथ पांच गिरफ्तार



**संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम ।** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के मानगो थाना क्षेत्र के मनान गली में हुए ट्रांसपोर्टर संतोष सिंह की गोली मारकर हत्या मामले का पुलिस ने बुधवार को खुलासा किया। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें रोहित दीक्षित, शुभम कुमार, विमल गोप, विवेक कुमार और अंकित शर्मा शामिल है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर दो हथियार, एक गोली और घटना में प्रयुक्त स्कूटी भी बरामद की है। जानकारी देते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि साल 2014 में रोहित के पिता की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में संतोष सिंह को आरोपित बनाया गया था और वह जेल भी गया था। बीते कुछ महीनों से रोहित का आपराधिक चरित्र वाले लोगों के साथ उठना-बैठना चल रहा था। इसी दौरान अन्य साथियों ने उसे बहका दिया, जिसके बाद रोहित ने संतोष की हत्या का प्लान बनाया। इस मामले में पूर्व में गिरफ्तार रौनक सिंह और निखिल ने आर्थिक रूप से मदद की थी। रोहित ने एक अन्य साथी से हथियार लिया था। विमल और विवेक ने रेकी की थी जबकि रोहित, शुभम और अंकित ने संतोष को गोली मारी थी। पुलिस ने सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पिता की मौत का बदला लेने के लिए ट्रांसपोर्टर की हत्या की गई थी।

## सरकार जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है : चमरा लिंडा



**रांची ।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि सरकार, झारखंड की जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। झारखंड की जनजातीय कला और संस्कृति को संजोने और जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के गौरवशाली इतिहास को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित करने के उद्देश्य से ही राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का आयोजन किया जा रहा है । वह बुधवार को डॉ. राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान परिसर, मोराबादी, रांची में राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का उद्घाटन कर रहे थे । यह ऐतिहासिक आयोजन जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि झारखंड के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों का संघर्ष हमारी अस्मिता और प्रेरणा का प्रतीक है। उनकी शौर्यगाथा को कला के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना बेहद आवश्यक है। इस चित्रकार शिविर के माध्यम से हमें उन वीर सेनानियों की वीरता को पुनः जीवंत करने का अवसर मिला है। साथ ही झारखंड का जनजातीय समाज हमेशा से अपनी कला, संस्कृति और संघर्षशीलता के लिए जाना जाता है। यहां के कलाकारों की प्रतिभा अद्भुत है और यह शिविर उन कलाकारों को एक मंच प्रदान करेगा जिससे, वे अपनी कला के माध्यम से इतिहास को संजो सकें। इस वर्ष धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का ऐतिहासिक उत्सव मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में झारखंड के वीर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रांकन के लिए यह चार दिवसीय जनजातीय चित्रकार शिविर (29 जनवरी से 1 फरवरी 2025) आयोजित किया गया है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य झारखंड की वीरभूमि से जुड़े जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों जैसे बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, तिलका मांझी, वीर बुधु भगत, नीलांबर-पीतांबर सहित अन्य अमर योद्धाओं के संघर्ष और योगदान को चित्रों के माध्यम से जीवंत करना है।

## आईपीएस बनने में पढ़ाई के साथ खेल का बहुत बड़ा योगदान : चंदन झा

### कलकता पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह



**ओरमांझी रांची ।** संताल एक्सप्रेस। डीआईजी चंदन झा ने कहा कि उनके आईपीएस बनने में पढ़ाई के साथ साथ खेल का बहुत बड़ा योगदान है। वे स्वयं एक क्रिकेट खिलाड़ी रहे हैं। बच्चों को एकाग्रता के साथ पढाई करने के साथ ही खेल को भी उसी तन्मयता के साथ खेलना चाहिए। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पढ़ाई एवं खेल में प्रतिबद्धता जरूररी है। वे बुधवार को कलकता पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। ओलंपिक खिलाड़ी निक्की प्रधान ने अपने प्रशिक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने खेलना नहीं छोड़ा और हॉकी में पहली झारखंड की ओलंपित खिलाड़ी बनी तथा ओलंपिक में भारत का दो बार प्रतिनिधित्व किया। पूर्व ओलंपिक खिलाड़ी मनोहर टोपनो ने कहा कि यहां के बच्चे को देखकर लगता है कि वे भविष्य में ओलंपिक खिलाड़ी बनेंगे। शिवम कुमार, सहायक कमांडेंट, एस एस बी ने कहा कि मनुष्य को अपना लक्ष्य एवं रोल मॉडल अवश्य बनाना चाहिए।कलकत्ता पब्लिक स्कूल के रेक्टर, मिथिलेश कुमार मिश्र ने कहा कि मनुष्य के जीवन के लिए भोजन एवं उसमें नमक जैसा पढ़ाई एवं खेलकूद का महत्व है. प्रारंभ में स्वागत भाषण करते हुए स्कूल के वाइस चेयरमैन प्रभाष कुमार झा पठन पाठन व खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्या प्रियमदा झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। विभिन्न खेलों में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्र -छात्राओं को भी पदक और सम्मान दिया गया.इस अवसर पर विद्यालय के छात्र -छात्राओं द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## पीएलएफआई का एरिया कमांडर मंगल पांडेय सहित नौ आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची ।** मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड सलगाडीह कैंप (तमाड़) में खड़ी गाड़ियों को आग के हवाले करने के मामले में पीएलएफआई का एरिया कमांडर मंगल पांडेय सहित नौ आरोपितों को साक्ष्य के अभाव बरी कर दिया गया। उन्हें अपर न्यायुक्त शैलेन्द्र कुमार की अदालत से बरी किया गया। मामला चार मार्च 2016 का है। मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड सलगाडीह कैंप के कर्मचारी के बयान पर तमाड़ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। प्राथमिकी में कहा गया था कि चार मार्च 2016 की रात 11ः45 बजे तीन मोटरसाइकिल में सवार होकर छह लोग और पैदल आठ लोग मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड सलगाडीह कैंप के बेरियर में घुस गये थे। उसमें कुछ लोग हथियार से लैस थे। बेरियर में घुसते ही ड्यूटी में कार्यरत कर्मचारी की मोबाइल छीनकर पूछने लगे इंचार्ज कौन है। पूछताछ के दौरान ही उनमें से कुछ लोगों ने कैंप में खड़ी गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया था। मामले में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी लेकिन अनुसंधान के दौरान तमाड़ पुलिस को पीएलएफआई के एरिया कमांडर मंगल पांडेय सहित अन्य लोगों का नाम पता चला था। उसके बाद तमाड़ पुलिस ने पीएलएफआई के एरिया कमांडर सहित अन्य सदस्यों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

## गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



**पलामू ।** मादक पदार्थों की तस्करी, खरीद बिक्री रोकने को लेकर चलाये जा रहे अभियान में पलामू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने उतरप्रदेश के वाराणसी में गांजा तस्करी की योजना को विफल करते हुए करीब नौ किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। सभी डालटनगंज रेलवे स्टेशन से वाराणसी जाने की तैयारी में थे। उनके पास से तीन मोबाइल फोन भी बरामद किये गये हैं। तस्करों की पहचान पांकी थाना क्षेत्र के डंडारकला के हबीस अंसारी (19 ), पकरिया के दिलीप कुमार (20 ) और पिंटू कुमार (21) के रूप में हुई है। शहर थाना में मेदिनीनगर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तीन व्यक्ति रेलवे स्टेशन के सामने नवनिर्मित भवन के पास अवैध गांजा की खरीद बिक्री करने आ रहे हैं। सूचना के बाद सदर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा, शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार, गुलशन बिरवा, संदीप कुमार भारती, अभिमन्यू कुमार के अलावा जवानों के जरिये कार्रवाई की गयी। तीन संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस जवानों ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ा। उनकी तलाशी ली तो हबीस अंसारी के पास से 6 पैकेट और दिलीप कुमार के पास से तीन पैकेट गांजा बरामद हुआ। इसका वजन 8.959 किलो पाया गया। इसका बाजार कीमत 4.5 लाख है। एसडीपीओ ने कहा कि गांजा को वाराणसी में अमित कुमार गुप्ता को देना था। पांकी के चांदी गंगवार जंगल में मिथलेश भुइयां नामक व्यक्ति ने तीनों तस्करों को गांजा मुहैया कराया था। गांजा की खेप पहुंचाने पर तीनों को 5-5 हजार रूपए मिलते।

# मेगा लोन सह वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन



**जामताड़ा ।** बुधवार को जामताड़ा सदर प्रखंड के चालना संकूल के रानीडीह पंचायत भवन में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक पाबिया ब्रांच और झारखंड राज्य जीवनोपयोगी सहायता समाज (जेएसएलपीएस) के संयुक्त तत्वावधान में एक मेगा लोन सह वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शफीक अंसारी और शाखा प्रबंधक राजू कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित सखी मंडल की महिलाओं को वित्तीय समावेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शफीक अंसारी ने सखी मंडल के महत्व और पंच सूत्र के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समूह के द्वारा किए गए आजीविका से जुड़े कार्यों से महिलाएं सशक्त हो सकती हैं और अपने परिवार को मजबूती प्रदान कर सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि महिलाएं बैंक से जुड़कर ऋण लेकर अपने व्यवसाय को बढ़ाती हैं, तो वे अपने भविष्य को बेहतर बना सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान 24 सखी मंडल को 36 लाख रुपये का फर्स्ट लिंकेज ऋण प्रदान किया गया। सभी सखी मंडल को आहरण अनुमति पत्र दिए गए, जिससे उन्हें अपनी आजीविका और व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का अवसर मिलेगा। शिविर में वित्तीय फ्रॉड से बचने के उपाय, पैसे का प्रबंधन, बीमा के लाभ और आजीविका से जुड़े प्रशिक्षण के बारे में भी जानकारी दी गई।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शफीक अंसारी, शाखा प्रबंधक राजू कुमार, सामुदायिक समन्वयक इकबाल अहमद, अनिमा देवी, हिमानी देवी, ऊषा मंडल, सुमित्रा हांसदा, राहिल हांसदा, आशा देवी, पूनम कुमारी गोस्वामी, नूनी बास्की और अन्य टीम के सदस्य और सैकड़ों की संख्या में सखी मंडल की दीदियों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज की। यह शिविर स्थानीय महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है, क्योंकि इससे उन्हें वित्तीय जागरूकता के साथ-साथ उनके आर्थिक विकास के लिए जरूरी संसाधनों की भी जानकारी मिली।

# झारखंड मजदूर संघ की बैठक 31 को, जमुना बने प्रखंड अध्यक्ष



**राजमहल,साहिबगंज।** राजमहल प्रखंड के निरीक्षण भवन राजमहल में बुधवार को झारखंड मजदूर संघ (प्रजातांत्रिक)जिला प्रभारी मिथुन कुमार राजवंशी की अध्यक्षता में प्रखंड इकाई समिति का गठन किया गया।केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव,केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी,केंद्रीय सदस्य रवि घोष,एवं मनोज सोरेन की देखरेख में कमेटी बनाई गई।जिसमें प्रखंड अध्यक्ष जमुना राय,प्रखंड महामंत्री श्रीधामकुमार बसु,कार्यकारी अध्यक्ष पिंटू मजूमदार,उपाध्यक्ष गुड़िया देवी,दिनेश कुमार तूरी, संयुक्त मंत्री वासुदेव ठाकुर, सहायक मंत्री मोहन कुमार मंडल,सुष्मिता देवी,कार्यालय मंत्री सनातन मंडल,कोषाध्यक्ष जितेंद्र राम,संगठन मंत्री दुर्योधन शाह,सदस्य प्रतिमा देवी,सरवन मंडल,छवि हजारी,फ्रांसिस मुर्मू,अरुणा देवी,फूल तोशी देवी को बनाया गया।बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि जिला कमेटी की बैठक आगामी 31 जनवरी को जिला मुख्यालय के मछुआ सोसाइटी में होगी।जिसमें सभी प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड महामंत्री सभी को भाग लेकर बैठक को सफल बनाने के निर्देश दिया गया है।

# मेडिका हॉस्पिटल रांची ने झारखंड की कबड्डी स्टार के सपनों को फिर से दी उड़ान



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची।** मेडिका हॉस्पिटल ने 17 साल की उभरती कबड्डी खिलाड़ी को घुटने की गंभीर चोट से उबारकर उसके सपनों को एक नई उड़ान दे दी। मेडिका हॉस्पिटल, जो मणिपाल हॉस्पिटल्स ग्रुप का हिस्सा है, ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस सफलता की जानकारी दी। इस मौके पर धारवी के आर्थोस्कोपिक एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) रिकंस्ट्रक्शन के बाद शानदार रिकवरी का जश्न मनाया गया। इस कार्यक्रम में अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निर्मल कुमार (सीनियर कंसल्टेंट, ऑर्थोपेडिक साइंस), डॉ. राकेश अग्रवाल (सीनियर कंसल्टेंट, ऑर्थोपेडिक साइंस), डॉ. श्याम देव कुमार (सीनियर एसोसिएट, फिजियोथेरेपी) और मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विजय कुमार मिश्रा मौजूद थे।बता दें कि धनबाद की रहने वाली धारवी रेलवे के लिए पेशेवर कबड्डी खेलती हैं और एक राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी हैं। 2023 में कबड्डी खेलते समय उनके बाएं घुटने में गंभीर चोट लगी, जिससे उनका करियर खतरे में पड़ गया। यह चोट उनके एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट और मेडियल मेनिस्कस के फटने का कारण बनी। जून 2023 में भगवान महावीर मेडिका हॉस्पिटल में डॉ. निर्मल कुमार ने धारवी का इलाज शुरू किया और अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए आर्थोस्कोपिक एसीएल रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी की। इसमें फाइबर टेप के जरिए एसीएल को मजबूती दी गई और मेडियल मेनिस्कस की मरम्मत भी की गई। धारवी की इस सर्जरी ने उनके करियर को नया जीवन दे दिया है। खासकर उनके जैसे युवा खिलाड़ी के लिए, जिनका करियर अभी शुरुआत में है। इस अत्याधुनिक आर्थोस्कोपिक तकनीक के तहत उनके घुटने के एक महत्वपूर्ण लिगामेंट (एसीएल) को न्यूनतम कटाव वाले आर्थोस्कोपी के जरिए ठीक किया गया। क्षतिग्रस्त एसीएल को मजबूत और टिकाऊ फाइबर (फाइबर टेप) की मदद से पुनर्निर्मित किया गया,

जिससे अतिरिक्त सहारा और स्थिरता मिल सके। साथ ही घुटने में कुशन का काम करने वाले मेडियल मेनिस्कस (कार्टिलेज) की भी मरम्मत उसी प्रक्रिया के दौरान की गई, जिससे घुटने की कार्यक्षमता बहाल हो और भविष्य में किसी अन्य नुकसान से बचा जा सके। मौके पर डॉ. विजय कुमार मिश्रा ने कहा कि हम सभी के लिए यह बहुत खुशी की बात है कि धारवी अपनी खेल गतिविधियों में वापस लौट आई हैं।

# झामुमो स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर बैठक,हजारों कार्यकर्ता दुमका होंगे रवाना

**संवाददाता**



**उधवा।** बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के 46वां स्थापना दिवस समारोह की तैयारी को लेकर उधवा आलम पेट्रोल पंप के निकट आम बगान में कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित हुई।बैठक की जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी उधवा प्रखंड अध्यक्ष तमरूद्दीन शेख ने किया।बैठक में मुख्य रूप से राजमहल विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डू शामिल हुए।इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डू ने बताया कि आगामी 2 फरवरी को दुमका जिला के गांधी मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के 46वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा।इसको लेकर कार्यकर्ताओ के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया गया।उन्होंने बताया कि उधवा प्रखंड से हजारों कार्यकर्ता वाहन के माध्यम से दुमका के गांधी मैदान कार्यक्रम में पहुंचेंगे।मौके पर झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अनवारूल हक, एतेशाम गणी उर्फ चांद,अली हसन उर्फ अली कमीशन,नसीम अख्तर,विश्वजीत मंडल,अयुब अली,कीनू सोरेन,टिपू सुल्तान,चंद्रराय सोरेन,मो. इब्राहिम,यासिन शेख,अरूण घोष,वर्णवास सोरेन,हारून रशीद,

# दो दिवसीय किसान मेले का हुआ समापन, विस अध्यक्ष ने किसानों को किया प्रोत्साहित



**जामताड़ा ।** जिस देश का किसान उन्नत होगा उस देश की उन्नति में कोई संशय नहीं हो सकता है। किसान धरती के भगवान हैं उन्हीं के उपजाई फसल से हमारा जीवन चल रहा है, इसलिए इन्हें हर तरफ से प्रोत्साहन की जरूरत है। बुधवार को गांधी मैदान में आयोजित दो दिवसीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी के समापन समारोह को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के इस आयोजन से मैं बहुत संतुष्ट हूं और आशा करता हूं की जो उत्कृष्टता यहां दिखाई दे रही है वह गांव-गांव तक पहुंचे। किसान जागरूक बनें, उनके आय का स्रोत बढ़े, समाज में खुशहाली हो। उन्होंने किसी विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण स्तर पर किसानों से जुड़कर उन्हें उन्नत तकनीक की जानकारी तथा अन्य सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। फिलहाल बंद पड़े बहुत ही पुराने ठक्कर बाबा सेवा आश्रम की पैरवी विधानसभा अध्यक्ष ने की और उप विकास आयुक्त से इस सेवा आश्रम को पुनः आरंभ करने की दिशा में सहयोग करने को कहा। विधानसभा अध्यक्ष ने कई किसानों का नाम लेकर पुकारा और उनके उपलब्धियों के बारे में उपस्थित महिला और पुरुष किसानों को बताया। मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार ने किसानों को कृषि क्षेत्र से जुड़ी सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। विधानसभा अध्यक्ष के साथ अधिकारी व मंचासीन जनप्रतिनिधियों ने किसान मेला में बेहतर उत्पादन के लिए चयनित किसानों को सम्मानित किया, उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। पुरस्कार वितरण के उपरांत मेले में लगे स्टाल का निरीक्षण करने के दौरान उपयुक्त कुमुद सहाय सम्मिलित हुई और अध्यक्ष का मार्गदर्शन किया। आम की खेती के लिए कई पुरस्कार प्राप्त कर चुके किसान अरिंदम चक्रवर्ती और फतेहपुर के प्रगतिशील किसान फुरकान अंसारी सहित अन्य अच्छे प्रदर्शन करने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि के रूप में चेक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अशोक मंडल, बंटू आईजेक, जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार, उद्यान पदाधिकारी मोहम्मद शमसुद्दीन, गणेश कुमार, चांद मुर्मू, सभी प्रखंड के बी टी एम जिले भर के किसान मित्र, प्रगतिशील किसान आदि उपस्थित थे।

# बरहरवा के जन वितरण डीलरों ने की मासिक समीक्षा बैठक



**बरहरवा ।** प्रखंड के परिसर सभा कक्ष में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला एवं आपूर्ति विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक जिला पूर्ति पदाधिकारी साहिबगंज की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई ,इस दौरान उपस्थित जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि मासिक समीक्षा बैठक है जिसे हर माह में सभी डीलर एवं विक्रेताओं के उपस्थिति में किया जाता है उन्होंने बताया कि बैठक की मुख्य उद्देश्य यह है कि उनकी समस्या जानते हैं साथ ही यह प्रयासरत होता है कि किस कारण से वितरण में कमी एवं परेशानी होती है जिसको विभाग हल करने का प्रयास करती है और अगर डीलर की लापरवाही से होती है,तो उसे चेतावनी दी जाती है ,डीलर अगर अपनी लापवाही सुधर नहीं करते हैं तो उसे पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी ,वही पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि डोर स्टेप डिलीवरी का खर्च सरकार वाहन करती है विभाग की जिम्मेवारी है राशन को उनके दुकान तक पहुंचाया जाय वही राशन कटौती को लेकर कहा कि अगर किसी डीलर के द्वारा राशन की कटौती की जाती है ,तो राशन कार्ड के लाभुक हमें शिकायत करें,इसकी विभाग दुवारा जांच की जाएगी, सच पाए जाने पर डीलर पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सा विकास प्रखंड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास एवं क्षेत्र के विभिन्न डीलर उपस्थित थे। वहीं दूसरी और सभागार में उपस्थित जन वितरण प्रणाली के दुकानदार एवं विक्रेताओं के बीच एनसीविबीडीसी के अंतर्गत चलने वाले एम डी ए कार्यक्रम 2025( 10.02.25 से 25 .02. 2025 तक के सफल संचालन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया,

# ई -रिक्शा दुर्घटना में दो घायल

साहिबगंज।जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोल पंप के समिप बुधवार को ई रिक्शा पलटने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।दोनों घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल साहिबगंज लाया गया जहां अस्पताल में मौजूद चिकित्सक ऋतुराज प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।बताया जा रहा है कि तिरुपति बाराहाट निवासी जागो सहनी के 25 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार सहनी व पुरानी साहिबगंज निवासी राजेंद्र स्वर्णकार के 29 वर्षीय पुत्र दीनानाथ स्वर्णकार अपने परिवार को लाने के लिए सकरीघाट ई-रिक्शा लेकर गया था।ई रिक्शा पड़कर रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने के लिए जा रहा था इसी बीच जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोल पंप के समिप ई रिक्शा पलटने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें संतोष कुमार सहनी व ई रिक्शा चालक दीनानाथ स्वर्णकार गंभीर रूप से घायल हो गया।

# अजीज अंसारी प्रखंड उपाध्यक्ष मनोनीत




**साहिबगंज** बुधवार को जिला काँग्रेस कमिटी अध्यक्ष बरकत खान ने पत्रांक 105/25 जारी करते हुए बुधवार को मंडरो प्रखंड के उपाध्यक्ष के रूप में मो.अजीज अंसारी को मनोनीत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है।पत्रांकनुसार काँग्रेस पार्टी के लिए उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें उक्त पद की जिम्मेंवारी दी गई है,और आगे भी पूरी कर्मठता और सक्रियता के साथ काँग्रेस पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमो का ब्यापक ढंग से प्रचार प्रसार करते हुए संगठन की मजबूती के लिए निस्वार्थ भाव से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की शपथ दिलाई,जिलाध्यक्ष बरकत खान ने मो.अजीज अंसारी को नियुक्ति पत्र सौपते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी ,साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी अंसारी को बधाई दी है।

# क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने वल्चर्स को 37 रनों से हराया




**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में बुधवार को वल्चर्स क्रिकेट क्लब बनाम द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। वल्चर्स क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 198 रन बना कर ऑल आउट हो गई। अनिकेत ने 13, सुधांशु ने 16, रवि ने 61, सुष्मित ने 26, दीपक ने 11, प्रीतम ने 19 रनों की पारी खेली। वल्चर्स के गेंदबाज प्रणव प्रकाश ने 5, मुजाहिद ने 2, तारिक व विवेकानंद ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वल्चर्स क्रिकेट क्लब 26.5 ओवर में 161 रन बना कर ऑल आउट हो गई। संतोष ने 38, आशीष ने 18, समर ने 28, तारिक ने 30, प्रणव ने 14 रनों की पारी खेली। द्रोणाचार्य के गेंदबाज प्रशांत ने 2, राशिद व रवि ने 3-3, प्रीतम व जुनैद ने 1-1 विकेट लिया। द्रोणाचार्य क्रिके क्लब ने 37 रनों से जीत हासिल की। द्रोणाचार्य के खिलाड़ी रवि कुमार को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि जेएससीए डिस्ट्रिक सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा ने रवि कुमार को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग राकेश कुमार रोशन व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग सागर सुमन ने किया। मौके पर ज़िला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, राकेश कुमार रोशन, सुधीर राणा, ओंकार, आदित्य ज्ञान व अन्य मौजूद थे। टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि गुरुवार को कंबाइंड इलेवन-2 बनाम यंग बॉयज क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला जाएगा।

# सरस्वती पूजा लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** नगर थाना परिसर में बुधवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। नगर थाना में सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने कहा कि पूजा के दौरान किसी भी समुदाय के लोगों के खिलाफ कोई भी भड़काऊ गाना या फूहड़ गाना बजाने पर सख्त कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया में कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट करने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। ऐसा करने वालों के साथ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगी। असमाजिक तत्वों से निपटने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। उन्होंने सौहार्द पूर्ण वातावरण बनाये रखने में एक दूसरे का और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। प्रतिमा का विसर्जन दिन में करना है। 4 और 5 फरवरी तक शाम 6 बजे तक हर हाल में प्रतिमा विसर्जन कर देना है। थाना प्रभारी सभी पंडालों का निरीक्षण करेंगें। मौके पर नगर थाना इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता सहित अन्य शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

# समाजसेवी सह जेएमएम नेता दिनेश कर्मकार ने किया कम्बल वितरण

**पतना।** बुधवार को समाजसेवी सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व पंचायत अध्यक्ष दिनेश कर्मकार ने झिकटिया स्थित अपने आवासीय प्रांगण में बढ़ती ठंड के मद्देनजर स्थानीय गरीब व असहायों के बीच कम्बल बितरण किया,इस दौरान उन्होंने कहा कि बढ़ती ठंड और बदलते मौसम में लोगों को ठंड और शीतलहरी से बचने की आवश्यकता है,आज स्थानीय गरीब व असहाय लोगों के बीच लगभग 500 कम्बल का बितरण किया गया है,आगे भी आवस्यकतानुसार कम्बल इत्यादि का बितरण करने का प्रयास करूंगा,ज्ञात हो कि समाजसेवी दिनेश कर्मकार पंचायत स्तर पर समाज सेवा के कार्यों में अपना योगदान देते रहे है,और प्रत्येक वर्ष लोगों के बीच कम्बल बितरण भी करते है,साथ ही पेयजल की व्यवस्था धार्मिक कार्यों की कार्यों की व्यवस्था चापाकल मरम्मती भी अपने निजी मद से लोगों के बीच करते आये है।उन्होंने कहा की समाजिक स्तर पर जहाँ भी मेरी आवश्यक्ता पड़ेगी मैं लोगों के बीच हर सम्भव मदद पहुँचने के का प्रयास करूँगा।मौके पर दिनेश कर्मकार,बाबूराम कर्मकार,ज़ितेन्द्र य़ादव ,फागु मंडल ,संदीप भगत ,,मनीष झा ,बलराम साह , सोनोत ,सीबु ,नायकी ,राजकुमार ,तला उपस्थित रहे।

# सफल क्रियान्वयन को लेकर डॉ रंजन ने दी ट्रेनिंग



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** बुधवार को जिले के तालझारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर रंजन कुमार के अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मियों को एमडीए कार्यक्रम व स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान को सफल क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीयव ट्रेनिंग दिया गया.बताया कि आगामी 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाले एमडीए कार्यक्रम को लेकर सभी सहिया 2 फरवरी तक फैमिली रजिस्टर अधतन करने व आर आई हेड काउंट सर्वे 31 जनवरी तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया . स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान जो 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलनी है.जिसकी विस्तृत जानकारी दी गई.मौके पर चिकित्सक डॉक्टर अनिर्बन गोस्वामी बीपीएम विजय राम, बीएएम ,देवनारायण रविदास, केटीएस अभिषेक कुमार सिंह, डब्ल्यू एच ओ मॉनिटर विकास शर्मा , बीटीटी अवधेश ठाकुर, एमपीडब्ल्यू विनय कुमार सहित सहिया मौजूद थे।

# मुखिया ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

बोरियो,साहिबगंज।प्रखंड क्षेत्र के बीचपुरा पंचायत की मुखिया किरण सोरेन के द्वारा दनवार मुस्लिम टोला में बुधवार को दर्जनों जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।मुखिया किरण सोरेन ने बताया कि शीतलहरी और इस कड़ाके की ठंड को देखते हुए दर्जनों जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया है।उन्होंने बताया कि छूटे हुए जरूरतमंद लोगों के बीच जरूरत पड़ने पर और वितरण किया जाएगा। मौके पर करीम अंसारी,जैनुद्दीन अंसारी, महबूब अंसारी, हफ़ाजुद्दीन अंसारी,निजामुद्दीन अंसारी, रूम मोमिन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# 3 फरवरी को प्रसिद्ध फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया करेंगे राजमहल स्टेडियम का उद्घाटन : विधायक.



**संताल एक्सप्रेस** साहिबगंज/राजमहल में नवनिर्मित आउटडोर स्टेडियम का उद्घाटन भारत के प्रसिद्ध फुटबॉलर और पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया के हाथों आगामी 3 फरवरी को किया जाएगा। तैयारी को लेकर विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा, एसडीओ विमल सोरेन व नपं प्रशासक स्मिता किरण ने स्टेडियम का निरीक्षण बुधवार को किए। विधायक ने कहा कि भारत के प्रसिद्ध फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया का प्रथम बार राजमहल आगमन होकर स्टेडियम का उद्घाटन होना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। पदाधिकारी को तैयारी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि फुटबॉल एवं क्रिकेट का फ्रेंडली मैच भी उद्घाटन समारोह में आयोजित की जाएगी। क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के लिए लगातार स्टेडियम में खेल से संबंधित गतिविधि जारी रहेगी ताकि युवा अपने खेल के माध्यम से भी भविष्य तय कर सकें. मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, मो आजाद, अब्दुल कादिर, सन्नी कुमार, संजय कर्ण सहित अन्य मौजूद थे।

# दो कांडों में तीन गिरफ्तार,जेल

**साहिबगंज।** जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के अम्बाडीया सकरीगली निवासी विमला देवी ने थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि 26 जनवरी को रात्रि 8 बजे अरून चौधरी, सुभाष चौधरी, कुलेश चौधरी, लिला देवी ,राज कुमार चौधरी,दिला एवं वसंत चौधरी सभी साकिम-अम्वाडीया के द्वारा गंदा-गंदा गाली गलोज करते हुए सभी जान मारने के नियत से लात- घुसा से मारपीट करने लगे। मैं जमीन में बेहोश हो कर गीर गई। वहीं दूसरी पक्ष के बयान पर मुकेश चौधरी, नंदकिशोर चौधरी,पीयूष कुमार चौधरी, शिवलाल चौधरी, भारत चौधरी एवं एकबाल चौधरी प्राथमिक की दर्ज की गई।थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि मामले को लेकर कांड संख्या 11/25 दर्ज किया गया था।उसी मामले में बुधवार को अभियुक्त सुभाष चौधरी 40 एवं कांड संख्या 13/25 के अभियुक्त मुकेश चौधरी, नंदकिशोर चौधरी को गिरफ्तार कर पुलिस अभिक्षा में राजमल भेजा गया। मौके पर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, एएसआई मनोज आजाद,दांदु हेम्ब्रम उपस्थित थे।


## गुरुधाम (मन्दार) स्टेशन रे मेल/एक्सप्रेस आर पैसेंजर ट्रेनको रेयाक् अस्थाई तेंगोन

गाड़ी देजोक् होड़ाक् सुबिता लागित् ते **22309/22310 हावड़ा-भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस छाडा** जोतो अप आर डाउन मेल/एक्सप्रेस आर पैसेंजर ट्रेनको **दो माहित 02.02.2025 हिलोक् खोन 08.02.2025 हाबिच्** बाराहाट जंक्शन आर मन्दारहिल ताला रे (किमी. 48/4-5 रे) **गुरुधाम (मन्दार)** स्टेशन रे थोड़ा दिन लागित् **मित् मिनट** लागित् तेंगोना। **ट्रेनको रेयाक् टेवानः (1) 73441/73442 हँसडीहा-भागलपुर-हँसडीहा डीईएमयू, (2) 73443/73444 हंसडीहा-भागलपुर-हंसडीहा डीईएमयू, (3) 73445/73446 हँसडीहा-भागलपुर-हँसडीहा डीईएमयू, (4) 73401/73402 गोड्डा-भागलपुर-गोड्डा डीईएमयू, (5) 15925/15926 देवघर-डिब्रूगढ़-देवघर हापताकिया एक्सप्रेस, (6) 13015/13016 हावड़ा-जमालपुर-हावड़ा कवि गुरु एक्सप्रेस, (7) 12349/12350 गोड्डा-नई दिल्ली-गोड्डा हापताकिया हमसफर एक्सप्रेस, (8) 18603/18604 राँची-गोड्डा-राँची एक्सप्रेस, (9) 13229/13230 गोड्डा-राजेन्द्र नगर टर्मिनल-गोड्डा हापताकिया एक्सप्रेस, (10) 18185/18186 टाटानगर-गोड्डा-टाटानगर हापताकिया एक्सप्रेस, (11) 13333/13334 दुमका-पटना-दुमका एक्सप्रेस, (12) 15089/15090 गोड्डा-गोमती नगर (लखनऊ)-गोड्डा हापताकिया एक्सप्रेस, (13) 22311/22312 गोड्डा-लोकमान्य तिलक (टी)-गोड्डा एक्सप्रेस।**

**मंडल रेल प्रबंधक, मालदा**

पूर्व रेलवे

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## दिल्ली में दलित-ओबीसी मत निर्णायक

दिल्ली विधानसभा चुनाव में दलित-ओबासी मत निर्णायक भूमिका में है। इस बार सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आआपा), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहे है। आआपा चौथी बार सरकार बनाने के लिए संघर्षरत है। भाजपा दिल्ली में डबल इंजन सरकार का सपना पाले है। कांग्रेस को लगता है कि उसका वनवास खत्म होगा। कहने को तो दिल्ली केंद्रशासित प्रदेश है। यहां की सरकार व मुख्यमंत्री के पास अन्य प्रदेशों की तरह अधिकार नहीं होते हैं। मगर दिल्ली का मुख्यमंत्री होना अपने आप में बड़ी बात है। दिल्ली से ही देश की सरकार चलती है। ऐसे में दिल्ली में जो सरकार बनती है उसके महत्व को नकारा नहीं जा सकता है।दिल्ली के चुनाव में इस बार दलित, जाट व गुर्जर मतदाताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होने जा रही है। दिल्ली में 12 विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यहां करीबन 18 प्रतिशत दलित मतदाता है। दिल्ली की आरक्षित 12 सीटों के अलावा 18 और ऐसी विधानसभा सीटे हैं जहां दलित मतदाताओं की संख्या 15 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में दिल्ली की 30 विधानसभा सीटों पर दलित मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है। बवाना, सुल्तानपुर माजरा, मंगोलपुरी, करोल बाग, पटेल नगर, मादीपुर, देवली, अंबेडकर नगर, त्रिलोकपुरी, कोंडली, सीमापुरी, गोकुलपुर विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा करीबन 15 से 20 अन्य ऐसी सीटें है जहां दलित मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। इसलिए दिल्ली विधानसभा की 70 में से करीबन 30 सीटों पर दलित मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साल 2020 के विधानसभा चुनाव में सभी 12 आरक्षित सीटों पर आम आदमी पार्टी विजयी हुई थी। इसलिए आआपा का पूरा फोकस दलित मतदाताओं पर है। दिल्ली के अनुसूचित जाति के मतदाताओं में से 38 फीसदी जाटव और 21 फीसदी वाल्मीकि है। पिछले लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के मतदाताओं के लिए देश भर में आरक्षित 84 लोकसभा सीटों में से भाजपा मात्र 30 सीट पर ही चुनाव जीत पाई थी। इंडी गठबंधन के भाजपा द्वारा संविधान बदलने के नारे के कारण दलित मतदाता भाजपा से छिटककर विपक्षी खेमे में चले गए थे। इसी तरह दिल्ली में भी पिछले दो विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सभी 12 सीटों पर आआपा जीतती आ रही है। इसलिए अनुसूचित जाति के मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा व कांग्रेस इस बार के चुनाव में पूरा जोर लगा रही हैं।भाजपा ने 12 आरक्षित सीटों के अलावा दो सामान्य सीटों मटिया महल से दीप्ति इंदौरा व बल्लीमारन से कमल बागड़ी को उम्मीदवार बनाया है। इस तरह भाजपा ने कुल 14 सीटो पर दलित उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है।कांग्रेस ने भी नरेला से अनुसूचित जाति की अरुणा कुमारी को टिकट देखकर कुल 13 सीटों पर दलित प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। भाजपा व कांग्रेस की रणनीति है कि दलित मतदाताओं को आम आदमी पार्टी से दूर किया जाए। आआपा ने 12 आरक्षित सीटों पर ही अनुसूचित जाति के लोगों को टिकट दिया है। हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में दलित मतदाताओं का रुझान भाजपा की तरफ रहा है। इसी से उत्साहित होकर भाजपा अनुसूचित जाति के मतदाताओं की बहुलता वाली सीटों पर विशेष चुनावी प्रबंधन कर चुनावी रणनीति बना रही है।दिल्ली में जाट मतदाताओं की बहुलता वाली 10 सीटों महरौली, मुंडका, रिठाला, नांगलोई, मटियाला, पालम, नरेला, विकासपुरी, नजफगढ़ व बिजवासन पर आआपा का कब्जा है।

# महाकुंभ में भगदड़ : कुप्रबंधन या वीआईपी संस्कृति का दुष्प्रभाव?

**डॉ हिदायत अहमद खान/**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि को हुई भगदड़ की घटना वास्तव में बेहद ही दुःखद और हृदयविदारक है। महाकुंभ जैसे विशाल आयोजन जहां करोड़ों श्रद्धालु आते हैं वहां भीड़ प्रबंधन सबसे बड़ी चुनौती होती है। एक छोटी सी असावधानी या किसी गलती के कारण इस तरह की भगदड़ से कई निर्दोष श्रद्धालुओं की जान चली जाती है, जबकि अनेक लोग घायल हो इलाज के लिए अस्पताल का रुख करते हैं। प्रयागराज महाकुंभ में हुई दुःखद घटना को लेकर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित देश के तमाम बड़े नेताओं ने संवेदना व्यक्त की है। यह तो ठीक है, लेकिन सवाल यही है कि ऐसी घटनाएं बार-बार क्यों होती हैं? कभी कोई अफवाह भगदड़ का कारण बनती है तो कभी अचानक कोई छोटी घटना बड़ी भगदड़ का कारण बन जाती है। फिलहाल प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की बड़ती संख्या और उस पर वीआईपी मूवमेंट पर ज्यादा ध्यान देना भगदड़ का कारण बताया जा रहा है। यह सच है कि भीड़ भरे इलाकों में जब-जब वीआईपी मूवमेंट को प्राथमिकता दी जाती है, तब-तब आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा में कमी आ ही जाती है। ऐसे में भीड़ नियंत्रण के लिए बेहतर उपाय किए जाने की अक्सर सलाह दी जाती है, लेकिन एक चूक और आमजन की जान-जोखिम में पड़ जाती है, जैसा कि महाकुंभ के दौरान देखने में आया है। अतः ऐसी स्थिति में भीड़ नियंत्रण के साथ ही वीआईपी कल्चर वाले प्रबंधन पर भी विचार करने की आवश्यकता आन पड़ी है। प्रयागराज महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हादसे में कई श्रद्धालुओं की जान चली गई और अनेक लोग घायल हो गए हैं, घायलों का उपचार प्रथम प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। ऐसे में जहां सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने घटना को लेकर गहरी संवेदनाएं और दुख जताया है वहीं हर बार की तरह, इस बार भी प्रशासन की तैयारियों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष ने तो विशेष रूप से, भीड़ प्रबंधन और वीआईपी मूवमेंट को लेकर गहरी चिंताएं जताई हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए भीड़ नियंत्रण को लेकर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा से अधिक प्रशासन का ध्यान वीआईपी मूवमेंट पर रहता है, जिससे अव्यवस्था फैलती है। यहां राहुल गांधी ने बहुत सही कहा है कि वीआईपी संस्कृति पर रोक लगाकर बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। उन्होंने सरकार से यह सुनिश्चित करने की मांग भी की है कि आगे ऐसी घटनाएं न हों और आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। बात बहुत ही गंभीर है, लेकिन सवाल यही है कि क्या वीआईपी मूवमेंट को दरकिनार कर आमजन को सुविधाएं मुहैया कराए जाने पर कार्य किया जा



सकता है? इसके लिए आमजन की जिम्मेदारी तय करना मुश्किल बात है, लेकिन सरकार चाहे तो वीआईपी कल्चर पर रोक लगाते हुए खुद अपने स्तर पर जनसुविधाओं को बेहतर करने का काम कर सकती हैं। वीआईपी सुरक्षा के नाम पर जिस तरह से आमजन की भीड़ को नियंत्रित करने की परंपरा है, उसे बदलना फिलहाल किसी के बूते की बात नहीं है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि वीआईपी सदा से ही अपराध जगत के निशाने पर रहते आए हैं। ऐसे में अपराधी भीड़ का सहारा लेकर वीआईपी पर हमले करते रहे हैं और देश ने ऐसे ही हमलों में अपने हरदिल अजीज अनेक नेताओं को खोया भी है। इसलिए वीआईपी कल्चर बदलने से पहले देश में अपराध और अपराधियों को रोकने का माकूल इंतजाम करना होगा। महाकुंभ भगदड़ हादसे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है और उन्होंने वक्त रहते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर भी लगातार बातचीत कर राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली है। पीएम मोदी ने प्रशासन को पीड़ितों की हरसंभव सहायता करने के निर्देश दिए। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर जहां दुख जताया वहीं श्रद्धालुओं से भी संयम बनाए रखने की अपील की। इस प्रकार हादसे के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष सभी ने परंपरागत तरीके से दुःख जताया है, लेकिन सवाल यही है कि इस तरह की घटनाएं आगे न हों इसके लिए क्या मिल-बैठकर कोई बेहतर हल निकाला जा सकेगा? खासतौर पर तब जबकि सभी मान रहे हैं कि महाकुंभ जैसे विशाल धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन ही सबसे बड़ी चुनौती होती है। मौजूदा प्रयागराज महाकुंभ में तो प्रारंभ से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लाखों में नहीं बल्कि करोड़ों में रही है। टेंटों में आग लगने के मामले भी सामने आए हैं।

यह प्रबंधन ही था कि कोई हताहत नहीं हुआ और ईश्वर की कृपा रही कि आग पर भी देखते ही देखते काबू पा लिया गया। ऐसे में भीड़ नियंत्रण के साथ वीआईपी मूवमेंट को भी कंट्रोल करने पर विचार तो करना ही चाहिए था। दूसरी तरफ विचार करने की बात यह भी है कि जब श्रद्धा और भक्ति की भावना लेकर लोग एक स्थान पर एकत्रित होते हैं, तो वहां पर अव्यवस्था की स्थिति पैदा होनी ही नहीं चाहिए। ईश्वर के प्रति स्वंय को समर्पित करने का भाव जहां हो वहां अहम जैसा भाव आ ही नहीं सकता है। बावजूद इसके भीड़ नियंत्रण के लिए शासन-प्रशासन को भारी मशक्कत करना पड़ती है। श्रद्धालुओं और सुरक्षा बल के लोगों व प्रशासनिक अमले के साथ कई बार टकराव भी देखने को मिलता है। भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन की तरफ से बड़े स्तर पर तैयारियां की जाती हैं, लेकिन जब वीआईपी मूवमेंट को प्राथमिकता दी जाती है, तो आम लोगों की सुरक्षा प्रभावित होना लाजमी है। यह देखा गया है कि कई बार वीआईपी के लिए विशेष व्यवस्था के कारण आम जनता को देर तक बैरिकेडिंग के पीछे रोक दिया जाता है, जिससे कभी-कभार धक्का-मुक्की और भगदड़ जैसी घटनाएं भी हो जाती हैं। महाकुंभ में हुई भगदड़ की इस घटना से साफ है कि बड़े धार्मिक आयोजनों में भीड़ नियंत्रण के लिए अत्याधुनिक तकनीकों और ठोस रणनीतियों की आवश्यकता है। प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि वीआईपी संस्कृति आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर हावी न हो। इसके अलावा, कुंभ मेले में आने वाले लोगों को जागरूक करने, उचित मार्गदर्शन देने और प्रशासन को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने की भी आवश्यकता है। जब तक वीआईपी संस्कृति पर नियंत्रण नहीं किया जाता और आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं दी जाती, तब तक इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## पाकुड़ की खबरें

## मेले का विरोध जारी, 1 फरवरी को होगा उग्र आंदोलन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

महेशपुर पाकुड़ )महेशपुर स्थित पीर पहाड़ी में उर्स मेला को लेकर बिबाद दिन प्रतिदिन बढते जा रहा है। इसे देखते हुए बुधवार को प्रो स्टीफन मरांडी ,एसडीपीओ बिजय कुमार ,सीओ संजय कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी,विकर्ण कुमार पीर पहाड़ी पहुँचकर पूरे मामले की जायजा लिया म इस दौरान विधायक व स्थानीय प्रशासन ने ग्रामीणों से वार्ता करने का प्रयास किया। सूचना भेजी गई । किंतु एक भी ग्रामीण उक्त स्थल पर नही पहुंचे । फलस्वरुप विधायक व प्रशासन को बिना कोई वार्ता के वापस लौटना पड़ा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इधर ग्रामीणों गोल बंध हो कर पुनः आगामी 1 फरवरी को मेला का विरोध करेंगे। दर्जनों गांव के लोग विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के समाचार है।मेला का विरोध व उग्र आंदोलन करने के तैयारी में हैं। साथ ही कहा है कि अगर विधायक ग्रामीणों से वार्ता करना करना चाहते हैं तो 1 फरवरी को आए वार्ता करे । फिलहाल मामला गंभीर बनते जा रहा है। शासन प्रशासन को समय रहते सचेत होने की जरूरत है।

## विद्यालय की जमीन अतिक्रमण को लेकर अंचल निरीक्षक ने की जांच

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**हिरणपुर (पाकुड़)। मॉडल प्लस टू विद्यालय की जमीन अतिक्रमण को लेकर बुधवार को अंचल निरीक्षक विकास बास्की ने नेतृत्व में स्थल की जांच व मापी कराई गई। इस विद्यालय की जमीन 18 बीघा एक कठ्ठा 17 धुर है। इसमे से दाग संख्या 535 में जमीन की अतिक्रमण का मामला बीते कई वर्षों से चल रहा है। बीते वर्ष इसको अंचलाधिकारी के निर्देश पर इसकी मापी कार्य भी कराया गया था। जमीन की अतिक्रमण को लेकर प्रधानाध्यापक सरफराज नाजरी ने उपायुक्त को आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाया था। इसको लेकर अंचलाधिकारी मनोज कुमार के निर्देश पर अंचल निरीक्षक सहित अन्य कर्मियों द्वारा विद्यालय की जमीन की भौतिक स्थिति की आकलन किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि दाग संख्या 535 में अवैध रूप से पांच -छह पक्का मकान का निर्माण किया गया है। वही अवैध कब्जे के कारण विद्यालय चाहरदीवारी का कार्य भी अधर में पड़ा हुआ है। अंचल निरीक्षक ने जानकारी देते हुए कहा कि विद्यालय की जमीन की वस्तुस्थिति की जानकारी ली गई। अंचलाधिकारी को जांच प्रतिवेदन सौप दी जाएगी। इस दौरान सरकारी अमीन मिस्टर अंसारी , हल्का कर्मचारी संजय सरदार , उप निरीक्षक प्रकाश मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## खैनी का बुरादा लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, कोई हताहत नहीं

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)बुधवार सुबह थाना क्षेत्र के फतेहपुर-सिंगारसी मार्ग पर मालीपाड़ा ढलान के पास खैनी का बुरादा लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के दौरान ट्रक ड्राइवर के अलावा एक व्यक्ति ट्रक के केबिन में फंसकर घायल हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना अमड़ापाड़ा थाना को दी। सूचना मिलते ही एसआई गेब्रियल आइंद दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से केबिन में फंसे व्यक्ति को बाहर निकालकर फतेहपुर स्थित सीएचसी पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने घायल व्यक्ति की पहचान पश्चिम बंगाल के बशीरहाट निवासी रमाकांत राय (40) के रूप में की और उनका प्राथमिक उपचार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक संख्या डब्लू बी 11ई 4333 का चालक रमेश घोष (60) पश्चिम बंगाल के बशीरहाट का निवासी है। वह बिहार के हाजीपुर से खैनी का बुरादा लेकर पश्चिम बंगाल के बरहमपुर जा रहा था। ट्रक गोड्डा होते हुए सिमलोंग के रास्ते सुबह मालीपाड़ा पहुंचा, लेकिन तीखे मोड़ के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे ढलान में पलट गया। हादसे के कारण खैनी के बुरादे की बोरियां सड़क किनारे बिखर गईं। पुलिस ने घटनास्थल पर चौकीदार को तैनात कर दिया है और आगे की कार्रवाई जारी है। समाचार लिखे जाने तक ट्रक घटनास्थल पर ही मौजूद था।

# पाकुड़ जिला का 31 वर्ष पूरा, पहली बार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्थापना दिवस

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़ । जिला स्थापना दिवस के 31 वें वर्ष के मौके पर मंगलवार देर रात को रविन्द्र भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम विभिन्न विद्यालयों के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की गई।पाकुड़ जिला स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषनाथ सिंह, उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, आरजेडी जिला अध्यक्ष महावीर मड़ैया, पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषनाथ सिंह ने समस्त जिलावासियों को पाकुड़ जिला स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कहा कि आज साइंस शो' का भव्य आयोजन किया गया है। इस विज्ञान एवं कला प्रदर्शन का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना और सीमित संसाधनों के साथ उन्नत तकनीकी ज्ञान प्रदान करना था।

उपायुक्त ने अपने संबोधित करते हुए सर्वप्रथम जिला स्थापना दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी का जो सपना है कि सभी बच्चे अच्छा से पढे, सबको गुणवत्तापूर्वक भोजन मिले, अच्छी सड़के हो, लोगों को रोजगार मिले




और धीरे-धीरे झारखंड एक विकसित कुशल संपन्न झारखंड में तब्दील हो उसके लिए मुख्यमंत्री दिन रात प्रयासरत हैं। इसके साथ ही जिलावासियों को जिले को अब तक मिली उपलब्धियों से अवगत कराया। उपायुक्त ने प्रेरणादायक वीडियो दिखाकर सभी को जागरूक किया।

पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को पाकुड़ जिला स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कहा कि पहली बार पाकुड़ जिला स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने आशा प्रकट की कि पाकुड़ जिला का चहुमुखी विकास होगा।उप विकास आयुक्त ने कहा कि आज हम सभी यहां पाकुड़ स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर एकत्रित हुए हैं यह दिन हमारे जिले के गौरवशाली इतिहास समृद्ध संस्कृति और विकास यात्रा को याद करने का एक सुनहरा अवसर है। संथाल परगना के अंतर्गत पाकुड़ क्षेत्र मुख्यतः पाकुड़ राज एवं महेशपुर राज के छोटे-छोटे रियासतें थी। महेशपुर राज को बाद में सुल्तानाबाद भी कहा जाता था। इसकी स्थापना गोरखपुर से आए आबु सिंह एवं बाकु सिंह ने की थी। सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, आरजेडी, जिला अध्यक्ष महावीर मड़ैया आदि ने पाकुड़ जिला स्थापना दिवस के विषय में अपना अपना विचार रखकर प्रकाश डाला। आईआरओ फाउंडेशन के संस्थापक एवं आईआईटी बीएचयू के अन्वेषक मनोहर कुमार ने विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम में कई दिलचस्प और ज्ञानवर्धक वैज्ञानिक प्रयोग प्रस्तुत किए गए, जिनमें प्रमुख थे। क्लाउड बर्स्ट एक्सपेरिमेंट बच्चों ने बादलों के फटने की प्रक्रिया को समझा। फायर फाउंटेन और फायर डांस ऑन रॉबिंस ट्यूब और आग के संयोजन ने सभी को रोमांचित कर दिया। एलिफेंट टूथपेस्ट एक्सपेरिमेंट रसायन के माध्यम से बड़े पैमाने पर झाग का निर्माण किया गया।

***बच्चों में दिखा उत्साह***

विज्ञान प्रदर्शनी के दौरान बच्चे न केवल प्रयोगों को देखकर रोमांचित हुए बल्कि उन्होंने विज्ञान के नए-नए सिद्धांतों को समझने की कोशिश भी की। मनोहर कुमार ने बच्चों को नए अन्वेषणों के प्रति जागरूक किया और विज्ञान के प्रति उनकी रुचि बढ़ाने का प्रयास किया।

## जेएलकेएम प्रखण्ड कमिटी के हुआ गठन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़।जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड के प्राकृतिक बिहार पार्क में बुधवार को जेएलकेएम प्रखण्ड कमिटी का विस्तार किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हसन अंसारी ने की। बैठक में सर्वसहमति से गुपिन मुर्मू को प्रखण्ड अध्यक्ष के रूप चुना गया। वहीं प्रखण्ड उपाध्यक्ष के रूप में विनय हांसदा, मनोज सोरेन, मुन्ना सिंह मराण्डी, रमेश पहाड़िया का चयन किया गया। इसके अलावे प्रखण्ड सचिव मनोज मुर्मू, सह सचिव श्रीलाल तिदु, राजकुमार पंडित,राजेश हेम्ब्रम,साहेबजन टुडू,सुबोध हेम्ब्रम को चुना गया। कोषाध्यक्ष के रुप में रोशन बेसरा, संगठन सचिव सकल हांसदा, जोसेफ मुर्मू, प्रदीप मराण्डी, दिनेश मुर्मू, बाबुलाल हांसदा, लिबयास मुर्मू को चुना गया। प्रखण्ड के प्रवक्त सीताराम हेम्ब्रम, मीडिया प्रभारी बिक्की कुमार व महामंत्री रवि बेसरा,जेम्स किशकु,बुद्धिस्वर मुर्मू,सीताराम पहाड़िया को चयन किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कहा हमारे पार्टी के सुप्रीमो जयराम महतो के निर्देश पर पार्टी की विस्तार जिला के सभी छः प्रखंडो में लगभग लगभग विस्तार हो चुका है। बांकी प्रखंड में भी जल्द कमिटी का विस्तार कर लिया जाएगा।

## तीन अलग -अलग घरों से 6 मवेशी की चोरी



महेशपुर (पाकुड़ ) थाना क्षेत्र के आभुवा व सिरिश्तल्ला गांव के तीन अलग- अलग घरों में बीते मंगलवार की रात को अज्ञात चोरों द्वारा छह मवेशी की चोरी कर ली गई है।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के आभुवा गांव के किनीनाम मुर्मू व सृतन किस्कु और सिरिश्तल्ला गांव निवासी दिनेश मुर्मू ने रोज की तरह मंगलवार को भी मवेशियों को अपने मवेशी शेड में बांधकर रखा था। वही बुधवार की सुबह जब मवेशी मालिकों ने देखा तो मवेशी शेड में मवेशी नहीं था।इसको लेकर मवेशी मालिकों ने काफी खोजबीन की लेकिन मवेशी का पता नहीं चल पाया।

## आजाद स्पोर्टिंग ने इशान क्लब को 206 रनों से हराकर फ़ाइनल में पहुंचा



हिरणपुर (पाकुड़ ) फुटबाल मैदान में आयोजित एच पी एल ट्रॉफी का दूसरा सेमी फ़ाइनल मैच बुधवार को कमलघाटी और करियोडीह के बीच खेला गया। जिसमें कमलघाटी ने करियोडीह को 206 रनों का बड़े अंतर से हरा दिया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए कमलघाटी की टीम 293 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। करियोडीह कि टीम ने 9.4 ओवर में 87 रन पर ऑल आउट हो गयी। कमलघाटी की और से ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए प्रशांत वासुनिया 78 और राजा कुमार ने 76 रनों कि शानदार पारी खेली। मैच में 78 रन बनाने वाले प्रशांत वासुनिया को मैन ऑफ द मैच चुना गया। जिन्हें इंसोरेंस अड्डा दिपक भगत द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। वहीं सेमी फ़ाइनल में उपविजेता टीम को दस हज़ार नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। शनिवार को फ़ाइनल मैच आजाद स्पोर्टिंग कमलघाटी बनाम दुर्गापुर क्रिकेट क्लब के बिच खेला जायेगा।इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को दो लाख रुपया और उपविजेता टीम को एक लाख रुपया नगद दिया जायेगा। आयोजन को सफल बनाने में कमिटी के अध्यक्ष अमिरुल,उपाध्यक्ष कयुम, सलीम, कबीर,इस्माइल,वसीम,आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नो पार्किंग में खड़ी वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग की कार्रवाई

हिरणपुर (पाकुड़ ) बाजार में यत्र-तत्र वाहनों के पार्किंग के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा बुधवार को कार्रवाई की गई है। परिवहन विभाग के कर्मियों ने सड़क में खड़ी कार को रिकवरी वैन की मदद से थाने लाया। जहां 500 का जुमार्ना लगाते हुए उन्हें हिदायत देकर छोड़ा गया। वहीं तीन बाइकों की भी जांच की। विभिन्न मापदंडो से उक्त तीनों बाइकों पर 3000 का जुर्माना लगाया गया। मौके ओर रोड सेफ्टी मैनेजर रितेश कुमार सिंह, अजहाद अंसारी, अमित कुमार राम, अंकित कुमार आदि मौजूद रहें।

## बिना मुआवजे दिए सड़क निर्माण कार्य का रैयतों का विरोध जारी



संताल एक्सप्रेस संवाददाताहिरणपुर (पाकुड़)। पीडब्लूडी विभाग द्वारा विक्रमपुर पाकुड़ से महारो तक की सड़क निर्माण कार्य मे जमीन वापत मुआवजे राशि को लेकर बेलडीहा मौजा के रैयतों का विरोध आज दूसरे दिन भी जारी है। जो निर्माण स्थल में चुड़का गाड़कर कार्य को रोक दिया है। विक्रमपुर से महारो तक विभाग द्वारा सड़क की चौड़ीकरण कार्य की जा रही है। इसमे हिरणपुर अंचल क्षेत्र के मानसिंहपुर , प्रतापपुर , नारगंज , सिउलीडांगा , डूंगरीटोला होते हुए महारो मौजा तक जोड़ा गया है। बेलडीहा मौजा के जमाबन्दी नम्बर 21 अंतर्गत दाग संख्या 861 , 862 , 863 , 864 , 866 सहित अन्य जमीन में सड़क निर्माण को लेकर संवेदक द्वारा खुदाई कार्य बीते दिनों की गई है। इसमे बेलडीहा मौजा के रैयत सनत मुर्मू , बड़का मुर्मू , कविराज मुर्मू , गणेश मुर्मू , पौलुस मुर्मू , टिंकू मराण्डी , बासी बेसरा , ताला मराण्डी , अन्थोनी बेसरा सहित अन्य रैयतों की जमीन में कार्य की गई है। इसमे से सनत मुर्मू की करीब 10-12 बीघा जमीन सड़क में जा रही है। रैयतों से जानकारी मांगने पर बताया कि इस जमीन से करीब डेढ़ किमी दूरी पर हमलोगों का घर है। हमलोग घर मे धान झाड़ रहे थे। संवेदक द्वारा जमीन की खुदाई किये जाने के बाद हमे सूचना मिली कि निर्माण कार्य हो रहा है। जबकि संवेदक द्वारा हमारे गांव में आकर कहा गया था कि छह माह के अंदर जमीन की मुआवजे राशि दे दी जाएगी। इसके पूर्व अंचल कार्यालय से कर्मी आकर रैयतों की वंशावली आदि बनाएंगे। पर कोई नही आया। जमीन की मुआवजा राशि न मिलने तक हमलोग कार्य करने नही देंगे। इस सम्बंध में पीडब्लूडी के कार्यपालक अभियंता राघवन कुमार से सम्पर्क करने पर बताया कि उक्त सड़क निर्माण कार्य की जमीन अधिग्रहण का कार्य भूअर्जन विभाग द्वारा की जा रही है। जो प्रोसेस में है।

## दिन दहाड़े गाड़ी के डिक्की से उच्चको ने उड़ाए तीन लाख

बसंतराय संवाददाता - थाना क्षेत्र के गोपीचक में दिन दहाड़े गाड़ी के डिक्की से उच्चको ने तीन लाख रुपए उड़ा लिए। यह घटना करीब दिन के 2 बजे हुई है। जानकारी के अनुसार राशिद नामक युवक गोपीचक में स्थित स्वच्छ बैंक में पैसा निकाल के अपने घर जा रहा था। इसी क्रम में वो किसी से कॉल पर बात करने लगे जहां अज्ञात शातिर चोर ने गाड़ी की डिक्की से तीन लाख उड़ा लिया। यह खबर आस पास के इलाके में आग के तरह फैल गयी। घटना की जानकारी मिलने पर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटना की तफ्तीश में जुट गए। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है जल्द ही इसका उद्वेदन कर लिया जाएगा।

## रूपया नोट बनाने के नाम पर ठगी करने वाला तीन आरोपी गिरफ्तार



महागामा - रुपए (नोट) बनाने के नाम पर लोगों को ठगी करने वाले पर महागामा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जहां तीन आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं पुलिस अधीक्षक गोड्डा को गुप्त सूचना मिली की महागामा थाना क्षेत्र अंतर्गत उर्जानगर के हेलिपैड के आस-पास तीन-चार व्यक्तियों द्वारा रूपया नोट बनाने के नाम पर लोगों को ठगने के उद्देश्य से एकत्रित हुए हैं। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस निरीक्षक उपेन्द्र कुमार महतो महागामा प्रभाग के नेतृत्व में पुलिस अवर निरीक्षक शिव दयाल सिंह, थाना प्रभारी महागामा थाना के साथ एक छापामारी दल का गठन कर रात्रि करीब आठ बजकर चालीस मिनट पर महागामा ऊर्जा नगर स्थित हेलीपैड के पास घेराबंदी कर छापामारी कर एक स्कार्पियो में सवार तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया एवं स्कार्पियो का तलाशी लेने पर स्कार्पियो से एक बैग में रखा हुआ ठगी करने के उद्देश्य से बनाये गये कागज का रूपया जैसा बंडल एवं कैमिकल बरामद हुआ, जिसे विधिवत् जब्त किया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त का नाम संजय कुमार, उम्र करीब 40 वर्ष, पिता यमुना पासवान, साकिन गोनरचक, थाना धोरैया व दूसरा मो0 नैयर, उम्र 32 वर्ष, पिता महमूद आलम, साकिन बिरबलपुर, थाना धनकुंड एवं तीसरा मुहम्मद इकबाल आलम, उम्र करीब 29 वर्ष, पिता मुहम्मद हबीब आलम, साकिन हस्ताय, थाना धनकुंड, तीनों जिला बांका बिहार के हैं। वहीं छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक उपेन्द्र कुमार महतो महागामा प्रभाग, पुलिस अवर निरीक्षक शिव दयाल सिंह, थाना प्रभारी महागामा थाना, पुलिस अवर निरीक्षक राज गुप्ता महागामा थाना, पुलिस अवर निरीक्षक अश्विनी गुप्ता महागामा थाना, पुलिस अवर निरीक्षक चुन्दा उरांव महागामा थाना, सहायक अवर निरीक्षक अजय सिंह रमानी महागामा थाना व सशस्त्र बल महागामा थाना के शामिल थे।

## बिहारी गांव में भागवत कथा को लेकर निकली भव्य शोभायात्रा




**ठाकुरगंगटी/ गोड्डा ।** जिले के महागामा अनुमंडल अंतर्गत ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के प्रचलित मोरडीहा पंचायत अंतर्गत बिहारी ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ को लेकर मंगलवार को कलश शोभा यात्रा निकाली गई। ढोल, बाजे, रथ, झांकी झंडा, बैनर और 1008 कलश यात्री के साथ भव्य निकली कलश शोभा यात्रा। बिहारी ग्राम स्थित भागवत कथा पंडाल के निकट से कलश यात्रा प्रारंभ हुई। मोरडीहा, कमराचक गांव का भ्रमण होने के बाद पारसी चौक, चांदा होते हुए झामेश्वरनाथ महादेव मंदिर के निकट झमरिया नदी में जल भर वापस बिहारी गांव में कथा मंडप के निकट आकर कलश स्थापित किया गया। विधिवत आचार्यों द्वारा कलश की पूजा कराई गई। कलश यात्रियों व अन्य श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित की गई। इस बीच में कीर्तन भजन भी जारी रहा। श्रीधाम मथुरा वृंदावन से कृपा कर पधारे प्रचलित कथा वाचक अनुराग दास जी महाराज के साथ-साथ अन्य साथ चल रहे थे।

## चौकीदार अनुकंपा समिति की बैठक संम्पन्न



**गोड्डा ।** उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता मे चौकीदार अनुकंपा समिति की बैठक आहूत की गई। इस दौरान सेवाकाल में मृत चौकीदार के आश्रित को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति देने हेतु प्राप्त आवेदनों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सभी आवेदनों और प्रस्तावों पर विस्तृत समीक्षा करते हुए सेवाकल के दौरान मृत चौकीदार के आश्रित को नियमानुसार अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने हेतु कार्रवाही करते हुए सभी योग्य आवेदनों को अनुशंसित किया गया।वहीं उपायुक्त के द्वारा स्थापना उपसमाहर्ता को चौकीदार अनुकंपा से संबंधित सभी मामलों का प्रतिवेदन प्राप्त कर आगामी चौकीदार अनुकंपा समिति की बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।मौके पर पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी, उपविकास आयुक्त स्मिता टोप्पो अनुमंडल पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उपसमाहर्ता श्रवण राम, जिला योजना पदाधिकारी फैजान सरवर गोड्डा सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर जागरूक रथ को किया गया रवाना



**गोड्डा ।** जिला स्वास्थ्य समिति गोड्डा के तत्वाधान में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट अंतर्गत सेव द गर्ल चाइल्ड पखवाड़ा के तहत कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पीसीपीएनडीटी एक्ट प्रचार प्रसार हेतु आम जनमानस को जागरूक करने के लिए प्रचार वाहन को मंगलवार को सिविल सर्जन गोड्डा डॉक्टर अनंत कुमार झा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर कार्यालय परिसर से रवाना किया गया।

## झामुमो के नए सत्र के सदस्यता अभियान का हुआ शुभारंभ



संवाददाता

**गोड्डा ।** गोड्डा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली के प्रमुख बासुदेव सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नए सत्र का सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। सदस्यता अभियान का शुभारंभ जिला मुख्यालय के गांधी मैदान के प्रवेश द्वार पर अवस्थित शाहिद स्तंभ प्रांगण में हजारों लोगों की उपस्थिति किया गया। सदस्यता अभियान शुभारंभ से पहले उपस्थित सभी जिला संयोजक मंडली एवं प्रखंड संयोजक मंडली के सदस्यों ने अपने अपने विचार रखते हुए लोगों को प्रेरित करने का काम किया। संयोजक मंडली प्रमुख बासुदेव सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुवे कहा वर्तमान हेमंत सरकार ने राज्य में अनेकों जनोपयोगी योजनाओं का संचालन कर पूरे देश में इतिहास रचने का काम किया है। आज झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का देश के सभी राज्यों के नकल करने का होड़ मचा रहे है। लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा और हेमंत सोरेन से जुड़ने के लिए आमादा हैं, ऐसे में सिर्फ कार्यकर्ताओं को गांव जाने मात्र की आवश्यकता है। वो दिन दूर नहीं जब गोड्डा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा, हेमंत सोरेन के आकांक्षाओं पर खरा उतर कर दो लाख सदस्य बनाने में सफल होगा। वहीं सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय समिति सदस्य सह संयोजक मंडली सदस्य राजेश मंडल ने कहा गोड्डा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा संगठन के सभी कार्यों में अव्वल रहा है और आगे भी अव्वल रहेगा। सिर्फ योजनाओं लाभ लेने के लिए आप सभी झामुमो की सदस्यता न लें।अगर आप में राज्य हित में संघर्ष करने की भावना हो, आदिवासी मूल वासी के हितों की रक्षा के लिए जेल जाने का हिम्मत हो, सरना धर्म कोड और 1932 खतियानि ही असल झारखंडी होगा। इन तमाम उद्देश्यों के साथ अपने नेता हेमंत सोरेन के पद चिन्हों पर चल कर झारखंडी हितों के लिए षड्यंत्रकारी भाजपा के साजिश का शिकार होकर जेल जाकर भी आंखों में आंसु नहीं, मूंछ पर ताव भरने की क्षमता हो, वहीं पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्य बने। जिले के तीनों मुख्य विधान सभा और दो आंशिक बरहेट और बोरियो विधान सभा जीतकर बासुदेव सोरेन के नेतृत्व में इतिहास रचा है। ये हमारे माननीय हेमंत सोरेन जानते है। हम गोड्डा जिले के झामुमो सिपाही का अपने हाय कमान से मांग है कि पुनः गोड्डा जिला के संगठन का नेतृत्वकर्ता बासुदेव सोरेन को ही बनाया जाय। केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा के निर्देश का पालन करते हुए दो फरवरी संथाल परगना प्रमंडलीय झामुमो स्थापना दिवस दुमका में वासुदेव सोरेन के नेतृत्व में 15 हजार से ज्यादा लोग दुमका जाएंगे। सभा का संचालन करते हुवे घनश्याम यादव ने कहा कि गोड्डा जिला दो फरवरी को उपस्थिति में इस बार इतिहास रचेगा। साथ ही सदस्यता अभियान का टारगेट पूरा करेगा। वहीं आयोजित सभा को प्रेमनंदन कुमार, बिनोद मुर्मू, अजय कुमार देवा, इंद्र जीत पंडित, सुबल मंडल, सुलतान अहमद, ललिता झा, महेंद्र उरांव, ताला

बाबू हंसदा, शिव शंकर मंडल, राजेंद्र दास, कौशलेंद्र टुडू , अवध किशोर हांसदा, मुन्ना भगत, मो0 अजीमुद्दीन, चंदन हेंब्रम आदि नेताओं ने भी संबोधित किया।आज प्रथम दिन सदस्यता अभियान शुरुवात में लगभग 14 सौ नए सदस्य बनाए जाने में सर्व प्रथम पूर्व जिला अध्यक्ष बासुदेव सोरेन को केंद्रीय समिति सदस्य राजेश मंडल फार्म भर कर नया सदस्य बनाया। वहीं सभा का समापन इंद्रजीत पंडित ने किया।

## कुश्ती प्रतियोगिता में हारून ने मारी बाजी



**महगामा ।** प्रखंड अंतर्गत झारखंड- बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र चखमजा गांव में गणतंत्र दिवस पर दो दिवसीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का हुआ समापन। कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का अध्यक्ष इकराम आलम और पूर्व मुखिया मुस्तकीम आलम ने पुरस्कार वितरण किया किया। कुश्ती दंगल में यूपी, बिहार, बंगाल, बनारस, झारखंड समेत अन्य राज्यों के करीब दो दर्जन पहलवान शामिल हुए। कुश्ती दबंग प्रतियोगिता में पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया साथ ही एक दुसरे को पटकनी दी। कुश्ती दंगल को देखने आसपास के दर्जनों गांवों के लोग अखाड़ा के चारों तरफ बैठकर कुश्ती का आनंद उठा रहे थे साथ ही तालियां बजाकर पहलवानों का हौसला अबजाहि कर रहे थे। कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने अपने दांव-पेंच से एक दूसरे को पटकनी देते हुए दशकों को खुब मनोरंजन कराया। अध्यक्ष इकराम आलम ने बताया कि कुश्ती दंगल का फाइनल मुकाबला बुधवार हुआ। इस दौरान प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गोड्डा जिला के हारून पहलवान को 12 हजार, वही उत्तर प्रदेश के अमित कुमार को दिया गया वही द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 8 हजार और तृतीय स्थान बनारस के सनी कुमार को प्राप्त करने वाले पहलवान को 4 हजार रुपए एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर सत्तर आलम, मुर्शीद आलम, कलीम आलम, फैयाज आलम, शरीफ आलम समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ग्राम संगठन के लेखापाल का तृतीय दिवस के प्रशिक्षण का हुआ समापन



नाला (जामताड़ा)-- नाला प्रखंड मुख्यालय स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय के सभागार में लेखापालों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आज तीसरे दिन का प्रशिक्षण का हुआ समापन। इस दौरान बीपीएम गणेश महतो की अध्यक्षता व देखरेख में सभी प्रतिभागियों को विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रशिक्षक सह बीएपी संदीप कुमार मंडल ,पीआरपी वीरेंद्र किस्कु के द्वारा प्रशिक्षण दी गई। इस दौरान ग्राम संगठन रजिस्टर को व्यवस्थित ढंग से संधारित करने, और उसके सदस्यों को प्राप्त ऋण का हिसाब किताब सही से कैसे रखना है इसके बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई साथ ऋण लेन-देन एवं वापसी सहित अन्य लेखा-जोखा के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में कुल 32ग्राम संगठन की सहायिका प्रशिक्षण मे शामिल हुए।इस अवसर पर जगन्नाथ राय, अंजू कुमारी मरांडी ,चंदा देवी, सुशीला कुमारी, माला राय, पार्वती राय ,ललित बाउरी, वैजयंती हेमराम, बॉबी मिश्रा बिटनी हेंब्रम, छाया राय, लखीमुनी सोरेन, मंडल, जयंती बाउरी, मोनिका मुर्मू ,बविता राणा, पिंकी कुमारी, बालिका मुर्मू ,ललिता हेंब्रम मर्सिला मुर्मू रूपा दास, अनिता कुमारी सहित अन्य प्रतिभागी मौजूद थे।

## मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत बाल संरक्षण समिति की हुई बैठक

**नाला (जामताड़ा)।** बुधवार को नाला प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण योजना अंतर्गत बाल संरक्षण समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई7 इस क्रम में खासकर प्रखंड बाल संरक्षण समिति के सदस्यों के कार्य दायित्व पर चर्चा की गई वहीं कठिन परिस्थिति में रह रहे बच्चों के विषय में भी विस्तृत चर्चा की गई साथ ही समिति से निर्णय लिया गया कि इस प्रकार के बच्चे यदि प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पाए जाते हैं तो तत्काल उनकी सूचना बाल कल्याण समिति जामताड़ा को देते हुए उन्हें वहां भेजने की प्रक्रिया की जाएगी। निर्णय यह भी लिया गया की सूचनाओं के शीघ्र स्थानांतरण के उद्देश्य से प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए। इसके अलावा समिति के सफल संचालन हेतु बैठक को प्रत्येक तीन माह में आयोजित करने का भी निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि बाल संरक्षण अधिनियम के तहत लाभ प्राप्त करने योग्य बच्चों की जानकारी के प्रचार प्रसार हेतु सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य ,पंचायत सचिव ,जिला विधिक सेवा प्राधिकार ,बनवासी विकास आश्रम जामताड़ा के प्रतिनिधियों के साथ एक माह के अंदर बैठक आयोजित की जाएगी। इसके अलावा सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं जेएसएलपीएस के दीदीयों के साथ भी एक जागरूकता बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर बैठक में उप प्रमुख समर माजी,पर्यवेक्षिका विभा रानी सिन्हा, पंचायत समिति सदस्य गुलशन अली, प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुबल कुमार शर्मा, एमटीएस अहमद रेजा परवेज, जेएसएलपीएस के प्रखंड प्रबंधक गणेश महतो, कोऑर्डिनेटर शालिनी कुमारी ,जन सहभागी विकास केंद्र के विनय कुमार विश्वास, सावित्री चक्रवर्ती, मंदिरा बाउरी, गोपाल दास, डीएलएसए अमित कुमार सिंह, आलो बाउरी, सक्रिय महिला राधा रानी चक्रवर्ती,सीएसडब्लु साधना गोराई सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## कैरम में उम्र की कोई बाधा नहीं - डीएसओ




गोड्डा - जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित गणतंत्र सप्ताह क्रीड़ा समारोह के तहत कैरम प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को स्थानीय इंडोर स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो ने कैरम मैन को स्ट्राइक कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कैरम इंडोर ही नहीं बल्कि सबसे पॉपुलर डोमेस्टिक गेम है जिसमें उम्र की कोई बाध्यता नहीं। मेडिटेशन का भी यह एक सशक्त माध्यम है। प्रत्येक बच्चे को इस अपनाना चाहिए। इस अवसर पर आयोजन समिति सदस्य सह प्रतियोगिता के संयोजक व इंटरनेशनल अंपायर सुरजीत झा, नेशनल अंपायर सह प्रतियोगिता के चीफ रेफरी मनीष कुमार सिंह, प्रतियोगिता प्रभारी शिवेंद्र झा, अनुशासन समिति प्रमुख इंतेखाब आलम, आयोजन समिति सदस्य शक्ति कुमार, नेशनल प्लेयर काव्य श्री उपस्थित थे। संयोजक श्री झा ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 140 प्रतिभागी शामिल हैं।

## पंचायती राज को सशक्त बनाने के लिए ग्रामीण विकास मंत्री से मिलेंगे मुखिया संघ के प्रतिनिधि



जामताड़ा - पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने की तैयारी में है जामताड़ा मुखिया संघ के प्रतिनिधि। मुखिया संघ ने मैथन डेम लाधना में एक वनभोज सह बैठक का आयोजन किया, जिसमें जिलेभर के मुखिया और पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि पंचायतों को सशक्त बनाने और पंचायती राज संस्थाओं को पूर्ण अधिकार देने के लिए संघ के प्रतिनिधि जल्द ही झारखंड राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री से मुलाकात करेंगे। मुखिया संघ के पदाधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने इस बैठक में चर्चा करते हुए कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के पास अभी भी कई अहम अधिकारों की कमी है, जो ग्राम पंचायतों और ग्रामीण विकास के लिए बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से यह अनुरोध किया कि पंचायतों को उन सभी अधिकारों का संपत्ति, योजना, वित्तीय प्रबंधन और अन्य प्रशासनिक कार्यों में पूर्ण स्वतंत्रता दी जाए ताकि पंचायतों के माध्यम से ग्रामीण विकास में तेजी लाई जा सके। बैठक में मुखिया संघ के अध्यक्ष देवीसन हांसदा ने बताया कि इस दिशा में संघ ने एक योजना बनाई है, जिसके तहत वे ग्रामीण विकास मंत्री से मुलाकात करेंगे और पंचायतों को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायतों को सशक्त बनाने से न सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होगा, बल्कि यह सरकार के विकास कार्यों को भी गति देगा। इस बैठक में जामताड़ा और आसपास के क्षेत्रों के मुखिया, पंचायत सदस्य, और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। उन्होंने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि पंचायतों को अधिकार देने के लिए एक साझा अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सभी पंचायतों और समाज के विभिन्न वर्गों को शामिल किया जाएगा। बैठक के अंत में, सभी मुखिया और पंचायत प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वे राज्य सरकार तक अपनी बात पहुंचाने के लिए एक मजबूत और संगठित प्रयास करेंगे। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा और इससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति तेज होगी। इस बैठक के बाद, जामताड़ा मुखिया संघ ने इस आंदोलन को पूरे जिले में फैलाने का भी निर्णय लिया है, ताकि पंचायतों के अधिकारों के लिए व्यापक समर्थन प्राप्त किया जा सके। अब देखना होगा कि इस बैठक के निर्णय के बाद राज्य सरकार किस तरह से पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए कदम उठाती है। मौके पर स्टेनशीला हेमब्रम, सुनीता मुर्मू, रानी पावरिया, मालती सोरेन, जिबोती सोरेन, पार्वती सोरेन, सरिता मुर्मू, जोसेफ मुर्मू, सरोज हेंब्रम, शिवधन हांसदा, मनोरंजन मरांडी सहित काफी संख्या में मुखिया मौजूद थे।

## मेहरमा के दिग्घी व बलबड्डा के घोरीकित्ता उच्च विद्यालय चोरों ने किया हाथ साफ




**मेहरमा संवाददाता ।** बीते दिनों से चोरों का आतंक बलबड्डा एवं मेहरमा थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रहा है। जहां चोरों फिर एक बार बलबड्डा थाना क्षेत्र के पी एन हाई स्कूल घोरीकित्ता एवं मेहरमा थाना क्षेत्र के दिग्घी हाई स्कूल में फिर एक बार हाथ साफ किया है। पी एन हाई स्कूल घोरीकित्ता से सीसीटीवी कैमरे के बीबीआर, एलईडी टीवी व अन्य उपकरणों को उड़ाया है, तो वहीं मेहरमा थाना क्षेत्र के दिग्घी उच्च विद्यालय में कई कागजात एवं अन्य समानों को उड़ाया है। इस घटना की सूचना मिलने पर बलबड्डा थाना के थाना प्रभारी अमित मार्की एवं मेहरमा थाना के थाना प्रभारी जुगनू महथा के निर्देश पर दोनों थाना के पुलिस बल अपने-अपने क्षेत्र के घटना घटित विधालय में पहुंचे एवं घटना की जानकारी विधालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों से ली। पूर्व में स्कूलों में चोरों ने चोरी की घटनाएं को अंजाम दिया था। फिलहाल इस घटना की जांच में स्थानीय प्रशासन जुट गई है।

## जश्न -ए- गणतंत्र की शाम को बच्चों ने बनाया इंद्रधनुषी



**गोड्डा ।** गणतंत्र दिवसीय सांस्कृतिक सप्ताह समारोह की दूसरी शाम मंगलवार को स्थानीय गांधी मैदान के कला - संस्कृति मंच पर विभिन्न विद्यालय एवं संस्थानों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने गांधी मैदान के माहौल को इंद्रधनुषी रंग में रंग दिया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी सह आयोजन समिति के अध्यक्ष बैद्यनाथ उरांव, बतौर विशिष्ट अतिथि जिला खेल एवं कला संस्कृति पदाधिकारी सह आयोजन समिति के संयोजक डॉ. प्राण महतो, आयोजन समिति सदस्य सुरजीत झा, सुनील मित्रा, मो. इस्लाम, अमरेंद्र सिंह बिट्टू, नवल बिहारी झा, चंदन मित्रा, निरंजन यादव एवं निखिल झा के अलावा अन्य गणमान्य अतिथियों में पूर्व नगर अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, जीपी मो. अबुल कलाम आजाद, प्रो. प्रेमनंदन मंडल, अमरेंद्र कुमार अमर, सत्यकाम राहुल, आरती सिंह सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थिति थे। कार्यक्रम का संचालन समिति सदस्य मो. इम्तियाज भारती ने किया जबकि प्रतियोगी कार्यक्रम में मंगलवार शाम निर्णायक के तौर पर मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता के झारखंड फाइनलिस्ट रोशनी सिधानवी थी। कार्यक्रम के दौरान डॉन बोस्को स्कूल, झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय बसंतराय, गुरुकुल डांस एकेडमी, निर्मल संगीतालय, नव प्रभात मिशन स्कूल, फिटनेस टीम डांस ग्रुप सुल्तानगंज एवं उच्च विद्यालय सैदापुर के प्रतिभागियों के अलावा कुछ स्वतंत्र प्रतिभागियों ने गांधी मैदान में मौजूद दर्शकों को झूमा डाला।

## गणतंत्र कप कुश्ती में पहलवानों दिखाए जलबा



**गोड्डा ।** जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित गणतंत्र सप्ताह क्रीड़ा समारोह के तहत कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को स्थानीय गांधी मैदान में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कुश्ती में गोड्डा तेजी से सफलता एवं उपलब्धि की राह पर अग्रसर है। इसके लिए जिला कुश्ती संघ बधाई के पात्र हैं। सीमित संसाधन में भी यहां के कम उम्र पहलवानों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। इस अवसर पर आयोजन समिति सदस्य सह प्रतियोगिता के संयोजक व जिला कुश्ती संघ सचिव सुरजीत झा, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, अनुशासन समिति प्रमुख इंतेखाब आलम, आयोजन समिति सदस्य शक्ति कुमार, शारीरिक शिक्षक नीरज कुमार सिंह, अनंत कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी पहलवान उपस्थित थे।

## विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित




**गोड्डा ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा संचालित विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत बुधवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका प्लस टू विद्यालय, पथरगामा परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से महिला विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने महिलाओं के शक्तिकरण की दिशा में कानूनी सहित विविध जानकारी दी गई। मौके पर जिला परिषद सदस्य पूनम कुमारी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण से ही कुरीतियों पर लगाम लग सकता है।इसलिए प्राथमिक स्तर से ही इसमें सुधार की जरुरत है। सही उम्र में ही शादी करें । कम उम्र में शादी करना या कराना कानूनन अपराध है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए सराकर भी हर स्तर से जन जागरुकता अभियान चला रही है। इसके लिए कुरीतियों के सफाया के लिए महिलाओं को संकल्प लेने की जरुरत है। इस दौरान रिसोर्स पर्सन के रूप में एलएडीसी लीली कुमारी ने कहा कि पढ़ने की उम्र में किसी लोभ में पड़ कर कोई गलत निर्णय लेना भविष्य के लिए घातक साबित हो सकता है। नाबालिग लड़की का एक गलत निर्णय लड़का की जिंदगी बर्बाद कर सकता है। कानूनी प्रावधानों के तहत लड़की का पुनर्वास तो हो जाएगा लेकिन लड़का जेल में होगा। ऐसा कदम कदापि नहीं उठायें। मध्यस्थ श्वाति रानी ने कहा कि कानून में महिलाओं की रक्षा के लिए अनेक कानून बनाये गये हैं ताकि महिलाओं को भी समाज में बराबरी का दर्जा प्राप्त हो। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। कहा कि कानून की नजर में स्त्री की लज्जा भंग करना एक गंभीर अमानवीय अपराध है।इसमें सार्वजनिक स्थल पर महिलाओं को गाली देना, अश्लील बातें या हरकत करने, शरीर के किसी हिस्से को स्पर्श करने, पकड़ लेने, सार्वजनिक स्थल पर किसी स्त्री को निर्वस्त्र करने के लिए उसपर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग करने, छेड़छाड़ करने आदि शामिल हैं। लज्जा भंग करने के आरोप में व्यक्ति को एक से पांच वर्ष कारावास तक की सजा का प्रावधान है। संचालन अधिकार मित्र नवीन कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की वार्डेन इंदु कुमारी ने किया। मौके पर अधिकार मित्र तबरेज सहित विद्यालय की शिक्षिका नीलिमा कुमारी, स्नेहलता, नीलम कुमारी, पिंकी गुप्ता आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

## बाइक सवार महिला अनियंत्रित होकर गिरी

**महागामा ।** प्रखंड के थाना क्षेत्र अंतर्गत नूनाजोर -हनवारा मुख्य मार्ग स्थित डालावर के समीप बाइक सवार महिला नूनाजोर निवासी पत्रिका देवी अनियंत्रित होकर गिर गई। वहीं घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को स्थानीय ग्रामीणों एवं स्वजन के द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सक की देखरेख में उपचार चल रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि महिला बाइक पर सवार होकर कहीं जा रही थी। इसी दौरान महिला अनियंत्रित होकर गाड़ी से नीचे गिर गई। घटना में महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। महिला के सिर में गंभीर जख्म हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाइक से नीचे गिरने के कारण महिला के सिर में चोट लगने की वजह से महिला बेहोश हो गई हालांकि कुछ देर बाद महिला को होस हुआ। इसके बाद घटना की सूचना महिला के स्वजन को दिया गया। स्वजन घटना स्थल पर पहुंच कर घायल महिला को वाहन से अस्पताल ले गए। स्वजन ने बताया कि महिला पिछले कुछ दिनों से बीमार थी इसलिए अपना उपचार के लिए चिकित्सक के पास जा रही है। वहीं जाने के क्रम में बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

## हिन्दी के साहित्यकार स्व सतीश चन्द्र झा की जयंती पर विचारगोष्ठी, कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह

# लोक संस्कृति का बोध ही हमें साहित्य गढ़ने, रचने और समझने की देती है चेतना : विद्यापति

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** हिन्दी के साहित्यकार स्व0 सतीश चन्द्र झा की 96वीं जयंती पर बुधवार को विचारगोष्ठी, कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुरूआत स्व0 सतीश चन्द्र झा एवं उनकी पत्नी तथा मंच की भूतपूर्व संरक्षिका स्व0 चम्पा देवी को स्मृत करते हुए उपस्थित गणमान्य अतिथियों के द्वारा उनके चित्रों पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। विदित हो सतीश चन्द्र झा की स्मृति में गठित साहित्यिक मंच 'सतीश स्मृति मंच' प्रतिवर्ष उनकी जयंती 29 जनवरी को साहित्यिक मेले के रूप में आयोजित करता आ रहा है।

----------------------

इस वर्ष आयोजित कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विचार गोष्ठी विषय 'साहित्य और संस्कृति के विकास में लोक साहित्य का योगदान' पर बुद्धिजीवियों ने विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर विषय प्रवेश कराते हुए




विद्यापति झा ने कहा लोक संस्कृति का बोध ही हमें साहित्य गढ़ने की, रचने की और समझने की चेतना देता है। ग्रामीण परिवेश के वे तमाम अवसर और उन अवसरों के गीत और संगीत भले ही साहित्य की किसी विशेष विधा से संबद्ध न हो उसमें साहित्यिक मधुरता और सौंदर्य तो है ही साथ ही साहित्य की जीवंतता उसमें स्पष्ट परिलक्षित है।

----------------------

**लोक-मन ही लोक साहित्य : अनिल**

अनिल कुमार झा ने कहा कि लोक-मन ही लोक साहित्य है और वह ज्यादा ग्रहणशील है। उन्होंने कहा कि आपको आयातित विचारों से छुटकारा पाना होगा और अपने आप पर गर्व करना होगा तभी आप अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण रख पायेंगे।

----------------------

**संस्कृति को लगातार अपने संस्कारों से करे पुष्ट : डॉ0 जंगबहादुर**

डॉ0 जंगबहादुर पाण्डेय ने संस्कृति को लगातार अपने संस्कारों को पुष्ट करने का एक मजबूत हथियार बताया। शंकर मोहन झा ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि लोक साहित्य हमें अपनी ओर बुलाता है, लुभाता है और जो साहित्यिक और सांस्कृतिक रचना का एक बहुत बड़ा सुत्रधार हो जाता है। कविताएँ, रचनाएँ, उपन्यास यदि लोक के लिए हो तो वह निस्संदेह बहुत पढ़ी जायेगी।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में आयोजित कवि सम्मेलन में साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार प्राप्त नीलोत्पल मृणाल ने अपनी कविताओं से उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पूर्व अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि 'सतीश स्मृति मंच' से मेरा जुड़ाव ठीक वैसा ही है जैसा कि एक बच्चे का अपने प्रारंभिक स्कूल से होता है। उन्होंने स्व0 सतीश चन्द्र झा और स्व0 चम्पा देवी के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित करते हुए उनके साथ के पुरानी यादों को स्मृत किया।

इस अवसर पर झारखण्ड, बिहार व बंगाल के विभिन्न शहरों से आये कवियों कवयित्रियों ने अपनी काव्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान मनोहर लाल पटेल, बैजनाथ वर्णवाल, नवीन चन्द्र सिंह, भानु झा, सच्चिदानन्द किरण, काजल कुमारी, सरिता गुप्ता, चेतन राम, प्रकाश यादव, प्रो0 ओम प्रकाश मंडल, डॉ0 ब्रह्मदेव कुमार, धर्मेन्द्र पाण्डेय, सर्वजीत झा, संजय झा, सुजाता झा, सुमंगल ओझा, शंकर मोहन, उत्तम लयकार, मनोज केशरी, चतुर्भुज नारायण मिश्र, चुण्डा सोरेन सिपाही, नूतन झा, अम्बा झा, संध्या झा, अदिति झा, अर्णव झा, शारदा, पवन झा, अमित झा, अभिषेक झा, प्रो0 हनीफ, यदुवंश प्रणय, डॉ0 खिरोधर यादव, राजीव नयन तिवारी, अमरेन्द्र सुमन, उमाशंकर चौबे, रोहित अम्बष्ट, सुमंगल ओझा, बंशीधर पंडित, नीतू कुमारी, सविता कुमारी, शिशिर घोष ने अपनी सार्थक उपस्थिति दी।

मंच संचालन अमरेन्द्र सुमन ने किया। मंच के अध्यक्ष कमलाकान्त सिन्हा ने उपस्थित साहित्यकारों को यह भरोसा दिलाया कि मंच अपने कार्यक्रमों की निरंतरता को सदैव सुनिश्चित रखेगा।

धन्यवाद ज्ञापन में मंच के सचिव कुन्दन कुमार झा ने आगंतुकों के प्रति अपनी कृतज्ञता जतायी।

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में पेश हुए मंत्री संजय यादव, एक गवाह का बयान हुआ दर्ज



**संवाददाता**

**दुमका ।** राज्य के श्रम नियोजन एवं कौशल विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव बुधवार को आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में दुमका कोर्ट में पेश हुए।पेशी के बाद मंत्री कोर्ट से निकलकर सीधा रांची के लिए रवाना हो गए।यह सुनवाई दुमका व्यवहार न्यायालय के एसडीजेएम मोहित चौधरी की अदालत में हुई।केस को लेकर एक गवाह का बयान आज दर्ज किया जाना था।इस संबंध में मंत्री संजय प्रसाद यादव के अधिवक्ता धर्मेंद्र नारायण प्रसाद ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मामला वर्ष 2014 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान गोड्डा जिले के पथरगामा थाना में दर्ज आचार संहिता उल्लंघन का है।इस केस में फिलहाल गवाही की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए एक गवाह बुधवार को कोर्ट भी आया।इस क्रम में मंत्री की भी कोर्ट में पेशी थी।

## एसकेएमयू ने जारी किया यूजी सेम-6 का रिजल्ट

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने बुधवार को यूजी सेमेस्टर-6 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। उक्त परीक्षा में कुल 25131 परीक्षार्थी शामिल हुये थे, जिसमें से कुल 95.58 फीसदी छात्र सफल हुए। आर्ट्स ऑनर्स विषयों में कुल 96.71 प्रतिशत, वाणिज्य ऑनर्स में 86.83 प्रतिशत तथा विज्ञान ऑनर्स में 90.58 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए वहीं कला और वाणिज्य के पास कोर्स में क्रमशः 71.01 और 85.71 फीसदी छात्र सफल हुए। उक्त परिणाम गुरुवार से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। परीक्षा परिणाम जारी करते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ जयकुमार साह ने कहा कि विश्वविद्यालय में तालाबंदी तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों की हड़ताल के बावजूद कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह की दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि यूजी सेमेस्टर-6 का परिणाम प्रकाशित किया जा सका। मालूम हो कि विश्वविद्यालय में चल रही हड़ताल व तालाबंदी के कारण कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने छात्रहित को ध्यान में रखते हुए यूजी सेमेस्टर-6 की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन दुमका के महरो स्थित संत जेवियर्स कॉलेज में केंद्र बनाकर कराया था तथा उक्त सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा संबद्ध कॉलेज में ली गई थी।

## 30 से 7 फरवरी तक होगा पीजी सेम-3 में नामांकन

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय पीजी सेमेस्टर-3, सत्र-2023-25 में नामांकन 30 जनवरी से 7 फरवरी तक होगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने बुधवार को सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों एवं विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों को एक पत्र भेजा है। उक्त पत्र के माध्यम से सभी विभागाध्यक्षों एवं प्राचार्यों को 7 फरवरी तक विभाग स्तर पर नामांकन करा लेने का निर्देश दिया गया है। विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेंद्र यादव ने बताया कि छात्रों को पीजी सेमेस्टर-3 में नामांकन ऑफलाइन लेना होगा।

## कंप्यूटर ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



**जरमुंडी ।** महर्षि दयानंद सरस्वती कंप्यूटर साक्षरता मिशन द्वारा आयोजित कंप्यूटर ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन लक्ष्य-07 कम्प्यूटर संस्थान में किया गया। जिसमें दर्जनों प्रतिभागियों ने भाग लिया। बेहतर प्रदर्शन करनेवाले 15 श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। डॉक्टर दीनबंधु, रक्षित कुंदन कुमार सिंह, तरुण कुमार झा, बिट्टू शर्मा तथा बबलू मिश्रा द्वारा प्रतिभागी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। सफल प्रतिभागियों में खुशी कुमारी, अमित रैना, विष्णु लाल, खुशी कुमारी, रूपा कुमारी, प्रीति कुमारी, रिया कुमारी, प्रिया कुमारी, विक्रम यादव, दिव्या दृष्टि, अविनाश कुमार मिश्रा, करन शर्मा, संगमा कुमारी, अन्नू सिंह सहित अन्य प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। संस्थान के तरूण कुमार ने कहा कि यह प्रतियोगिता डिजिटल शिक्षा और तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। लक्ष्य 07 द्वारा आयोजित यह प्रयास निश्चित रूप से युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा के प्रति प्रेरित करेगा।

## क्विज प्रतियोगिता के विजेता छात्र किए गए पुरस्कृत



**गोपीकांदर(दुमका) ।** प्रखंड संसाधन केंद्र गोपीकांदर परिसर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के सभी विद्यालयों के 6 से 8 और 9 से 12 कक्षाओं के करीब 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं से साइंस, जीके एवं करेंट अफेयर्स हिन्दी आदि के प्रश्न पूछे गए तथा सबसे ज्यादा प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें मैडल देकर पुरुस्कृत किया गया। कक्षा 6 से 8 में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की प्रियंका कुमारी ने प्रथम, कस्तूरबा के ही किरण कुमारी ने द्वितीय एवं प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के विक्की कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## डीसी ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

### बोले-आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित करने का है प्लान

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** जिला उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने बुधवार को जामा प्रखंड के चिकनियाँ पंचायत अंतर्गत बालाबाहियार में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सेविका द्वारा बच्चों को दी जाने वाली समावेशी शिक्षा और उसके लिए की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली। उपायुक्त ने बच्चों द्वारा मौजूद उपकरणों यथा लंबाई व वजन नापी मशीन की जानकारी ली। बच्चों को प्रतिदिन करायी जा रही गतिविधियों की जानकारी ली। पोषण वाटिका के साथ साथ बच्चों को दी जाने वाली आहार की जानकारी लेते हुए




आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने बच्चों के साथ बातचीत की और उन्हें चॉकलेट दिया। उन्होंने बच्चों को दी जाने वाली टीकाकरण के बारे में जानकारी ली, एएनएम द्वारा बच्चों को टीका दिया जा रहा है कि नहीं, इसकी भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दुमका जिला के सभी 2060 आंगनबाड़ी केंद्रों में प्री स्कूल किट का वितरण किया जा रहा है। बच्चों के खेलने के लिए कई उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं। आंगनबाड़ी कर्मियों के लिए मोबाइल भी उपलब्ध कराए गए है। कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित करने का प्लान है, इससे आंगनबाड़ी आने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि होगी। साथ ही बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के प्रयास जारी है। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जामा सहित अन्य उपस्थित थे।

## मौनी अमावस्या पर बासुकीनाथ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जरमुंडी ।** माघ मास के कृष्ण पक्ष की मौनी अमावस्या के उपलक्ष्य पर बुधवार को बाबा बासुकीनाथ मंदिर में श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मौनी अमावस्या पर पुण्यकाल को लेकर बासुकीनाथ मंदिर में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। धार्मिक मान्यताओं की मानें तो मौनी अमावस्या पर स्नान, दान और धार्मिक दृष्टिकोण से किया गया कार्य कई गुणा अक्षय पुण्यों का प्रदाता कहा गया है। विशेषकर इस दिन गंगा आदि पुण्यसलिला नदियों और तीर्थों के जल में अमृत तत्व का वास बतलाया गया है। सनातन धर्मावलंबी मौनी अमावस्या पर तीर्थों के जल में पवित्र स्नान करते हैं। बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र में स्थित शिवगंगा सरोवर में भी पवित्र स्नान की महत्ता को लेकर श्रद्धालुओं ने स्नान कर ज्योतिर्मय नागेश्वर बाबा बासुकीनाथ की पूजा अर्चना की। हंलाकि यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि बासुकीनाथ के शिवगंगा सरोवर की धार्मिक महत्ता के बावजूद प्रशासनिक उदासीनता बरकरार है। इनदिनों शिवगंगा सरोवर का हाल बेहद बुरा है। शिवगंगा सरोवर का जल



अत्यधिक प्रदूषित होने के कारण इसमें स्नान करने से श्रद्धालु कतराते नजर आते हैं। बहरहाल मौनी अमावस्या के उपलक्ष्य पर बासुकीनाथ मंदिर में बाबा के भक्तों की आस्था भीड़ बनकर उमड़ती दिखाई दी।मौनी अमावस्या पर बुधवार शाम तक 45 हजार भक्तों ने ज्योतिर्मय बाबा नागेश की पूजा अर्चना कर परिजनों के कुशल क्षेम और सुख समृद्धि की अभीष्ट कामनाएं की। मौनी अमावस्या पर देश के विभिन्न हिस्सों से शिवभक्त बासुकीनाथ मंदिर पहुंचे थे। बिहार और मिथिलांचल से श्रद्धालु तिलकहरूओं की भीड़ भी तिलक चढ़ाने के लिए बासुकीनाथ मंदिर में दिखाई दी। तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की भी भीड़ मंदिर में दिनभर लगी रही। मिथिलांचल एवं कोसी क्षेत्र से भी श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में देखी जा रही है। मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ की पूजा के पश्चात तीर्थ पुरोहितों से रुद्राभिषेक व विशेष पूजन अनुष्ठान भी कराया। इसके साथ कई भक्तों ने अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर श्रृंगार पूजन, गठबंधन, ध्वजारोहण आदि भी संपन्न करवाया। वहीं मिथिलांचल के श्रद्धालु तिलकहरूओं को बाबा बासुकीनाथ को तिलक चढ़ाने का उपक्रम करते और मंदिर प्रांगण में सामूहिक रूप से बैठकर भजन कीर्तन करते दिखाई दिया।

## कार्मेल स्कूल में फाउंडर्स डे का आयोजन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** कार्मेल स्कूल खिजूरिया में फाउंडर्स डे का आयोजन बुधवार को धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर स्कूल ने न केवल अपने संस्थापिका का जन्मोत्सव दिवस को मनाया, बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों और एक सामाजिक दान अभियान के माध्यम से समुदाय के साथ एकजुटता का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक शानदार प्रस्तुति दी। प्रार्थना, नृत्य, संगीत के माध्यम से उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों का मन मोह लिया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से वि?द्यार्थियों ने न केवल अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि भारतीय संस्कृति की समृद्धि को भी उजागर किया।

इस विशेष अवसर पर स्कूल के प्रबंधन, शिक्षकों और वि?द्यार्थियों ने मिलकर जरूरतमंद परिवारों को एक महीने का राशन किट वितरित किया।




इस दान अभियान का उद्देश्य इन परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाना और उन्हें जीवन की बुनियादी जरूरतें उपलब्ध कराना था। राशन किट में दाल, चावल, आटा, तेल, चीनी और अन्य आवश्यक सामग्री शामिल थी।

स्कूल के मैनेजर सिस्टर मीना ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन वि?द्यार्थियों में मानवीय मूल्यों का विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे हमेशा समाज के कल्याण के लिए कार्य करें।

स्कूल की सामाजिक सेवा क्लब के इंचार्ज, अमृत आनंद ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना और उन्हें सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने कहा, कार्मेल स्कूल हमेशा से ही सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहा है। हम मानते हैं कि शिक्षा के साथ-साथ हमें समाज सेवा के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए।

## लाभुकों ने डीलर पर लगाया अवैध वसूली का आरोप



**संवाददाता**

**रानीश्वर ।** प्रखंड में पीडीएस विक्रेताओं की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही। गरीब असहायों को दिए जाने वाले राशन में डीलर द्वारा अनियमितता बरतने का मामला लगभग प्रतिदिन आ रहा है। परन्तु इन गरीबों की शिकायत पर कार्रवाई के बजाय सिर्फ कारवाई का आश्वासन दिया जाता है । ऐसे ही एक मामले में सादीपुर पंचायत के खुदलिसपुर गांव के राशनकार्ड धारी किसन राय, लखी रानी राय, दशरथ राय, मंतोष राय, चंदन राय, रासु राय, अष्टमी आदि ने शादीपुर पंचायत अन्तर्गत जयपहाड़ी के डीलर देवीधन हांसदा पर आरोप लगाया है कि पीडीएस दुकानदार प्रत्येक कार्डधारी से दाल के एवज में 5 रुपए की वसूली कर रहा है। इतना ही नहीं पीडीएस दुकानदार प्रत्येक कार्डधारी को एक दो किलो करके चावल भी कम दे रहा है । कार्डधारियों ने बताया कि राशन कम देने का कारण पूछने पर पीडीएस दुकानदार ने कहा कि कहा कि ऊपर से ही आदेश है।

## आदिम जनजाति परिवारों के बीच लघु वनोपज संग्रह टूल किट का वितरण

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** सदर प्रखंड अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर द्वारा पीएम-जनमन वन-धन विकास केंद्र के तहत आदिम जनजाति - विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के परिवारों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने एवं उनकी आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन धन विकास केंद्र की लाभुक महिलाओं (सखी मंडल की दीदियों) को लघु वनोपज संग्रह टूल किट का वितरण बुधवार को किया गया। वन धन विकास केंद्र, दुमका सदर प्रखंड के राजबंध पंचायत अंतर्गत फिटकोरिया एवं ऊपरमुर्गाथली गांव में गठित 110 सदस्यों के साथ संचालित किया जा रहा है, जो पीभीटीजी समुदाय के सर्वांगीण विकास एवं उनकी



आजीविका संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा वन धन विकास केंद्र का निरीक्षण किया गया एवं झारखंड राज्य लघु वनोपज महासंघ द्वारा प्रदत्त लघु वनोपज संग्रहण टूल किट का वितरण किया गया। इस 18 सेट टूल किट (9 सखी मंडल) की सहायता से वन धन विकास केंद्र की सदस्य दीदियों को जंगल से वनोपज के संग्रह एवं एकत्रीकरण में मदद मिलेगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। इस कार्यक्रम में जेएसएलपीएस से निर्मल कुमार वैध, एफसी से रिंकू कुमार , सीसी तेजनारायण सिंह, सामू वेदिया एवं सखी मंडल की कई दीदियां उपस्थित रहीं।

## शादीशुदा महिला लापता, सनहा दर्ज



**सरैयाहाट ।** थाना क्षेत्र के नया ढोलगड़िया गांव से एक बीस वर्षीय शादीशुदा महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर महिला के ससुर अजय यादव ने सरैयाहाट थाना में सनहा दर्ज कराया है। जिसमें बताया गया है कि उसकी बहु सुशीला देवी और पुत्र गणेश यादव के बीच कुछ विवाद हुआ था, जिसके बाद रात्रि करीब दो बजे जब घर में सभी सदस्य सोए हुए थे तभी सुशीला घर से कहीं चली गई। आस पास काफी खोजबीन के के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी ताराचंद ने बताया कि महिला की गुमशुदगी का मामला सामने आया है। पुलिस अपने स्तर से उसकी तलाश कर रही है।

## ट्रक के धक्केसे बाइक सवार वृद्ध की मौत

**गोपीकांदर।** गोबिंदपुर-साहेबगंज स्टेट हाइवे पर काटाझरना पुलिया के पास गिट्टी लदा ट्रक की धक्का से बाईक सवार एक वृद्ध की मौत तो वही दो गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने तीनों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपीकांदर ले जाया गया। जहां पर दोनों घायल को प्राथमिक ईलाज कराकर बेहतर ईलाज हेतु दुमका रेफर कर दिया गया। वहीं घटना स्थल पर ही हुई मृतक महिला को थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु दुमका भेज दिया गया। बता दें कि थाना क्षेत्र के रंगामिशन गांव निवासी 60 वर्षीय पालियान टुडू है। वहीं घायल 26 वर्षीय मृतक की बेटा जोसेफ मुर्मू, दूसरा उनके बहु 24 वर्षीय मनिता चौड़े हैं। ये तीनों एक ही परिवार के सदस्य हैं। मृतक बुजुर्ग मां तथा बेटा बहू है। ये तीनों प्लेटिना बाईक पर सवार होकर वृद्ध मां का ईलाज को लेकर दुमका जा रहा था कि पीछे से गिट्टी लदा हाईवा ने धक्का मार कर सड़क पर गिरा दिया जिससे बुजुर्ग मां चक्का के नीचे दब गई। जिससे वृद्ध महिला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बता दें कि पुलिस ने घटनास्थल से गिट्टी लदा जेएच 04 एए 3496 ट्रक को जब्त कर थाना लेकर आई हैं।

## जैम पोर्टल पर संकुलस्तरीय दो दिवसीय गैर -आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन



**शिकारीपाड़ा।** झारखंड पंचायती राज विभाग, सी एस सी ई-गवर्नेंस इंडिया लिमिटेड एवं डिजिग्राम के संयुक्त प्रयास से ग्राम पंचायतों में ÷सबकी योजना सबका विकास÷ अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर राज्य के 'डिजिटल पंचायत योजना' के तहत ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यरत ग्राम स्तरीय उद्यमीयों को ई- ग्राम स्वराज पोर्टल, पंचायत विकास सूचकांक, प्रशिक्षण प्रबंधक पोर्टल और जैम पोर्टल पर संकुलस्तरीय दो दिवसीय गैर - आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक, प्रखंड समन्वयक तथा डिजिटल पंचायत योजना के अंतर्गत जिला एवं प्रखंड स्तर के मास्टर प्रशिक्षक रेहान कौशर ब्लॉक मैनेजर शिकारीपाड़ा, ब्लॉक मैनेजर रानीश्वर मो महताब आलम ब्लॉक मैनेजर काठीकुंड रोशन मुर्मू और दीपक मंडल प्रखंड मसलिया आदि ने भाग लिए।